शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 302 | गुवाहाटी | रविवार, 2 जून, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

दिल्ली में चला मोदी मैजिक... पेज 2
प्लास्टिक मुक्त ब्रह्मपुत्र की अलख जगाने तीन हजार बोतलों से बनी नाव पर... पेज 3
एक बार फिर प्रचंड बहुमत वाली मोदी सरकार बननी तय : योगी आदित्यनाथ पेज 5
किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल से हार के बाद फूट फूटकर रोए क्रिस्टियानो रोनाल्ड... पेज 7

## एग्जिट पोल्स में एनडीए को भारी बहुमत

| एग्जिट पोल | एनडीए | इंडी | अन्य |
|---|---|---|---|
| एबीपी | 353-383 | 152-182 | 04-12 |
| आज तक | 294-329 | 123-154 | 08-20 |
| न्यूज24 | 400 | 107 | 36 |
| इंडिया टीवी | 371-401 | 109-139 | 28-38 |
| टाइम्स नाउ | 358 | 152 | 33 |
| आर भारत | 353-368 | 118-133 | 43-48 |

**नई दिल्ली।** देश में करीब ढाई महीने तक चले लोकसभा चुनाव का 1 जून को 8 राज्यों में वोटिंग के साथ ही खत्म हो गया। इसके साथ ही एग्जिट पोल्स आना शुरू हो गए हैं। इंडिया न्यूज डी- डायनामिक्स ने एनडीए 371 सीटें दी हैं। इसके साथ ही इंडी गठबंधन को 125 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। अन्य को 47 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, रिपब्लिक टीवी पी-मार्क ने एनडीए को 359 और इंडी गठबंधन को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को 30 सीटें मिल सकती हैं। एग्जिट पोल्स के मुताबिक, जन की बात ने एनडीए को 362 से 392 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। इंडी गठबंधन को 141-161 सीटें मिलने की संभावना है। वहीं अन्य को 10-20 सीटें मिल सकती हैं। रिपब्लिक भारत मेटराइज ने एनडीए को 353 से 368 सीटें मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन को 118-133 मिलने की संभावना है। जबकि 43-48 सीटें मिलने का अनुमान है।

## एग्जिट पोल : असम में 14 में से 12 सीटों के साथ भाजपा की भारी जीत की भविष्यवाणी की गई



**नई दिल्ली।** शनिवार को जारी वीएमआर लोकसभा एग्जिट पोल के अनुसार, असम में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 14 में से 12 लोकसभा सीटें जीतने की उम्मीद है, कांग्रेस एक सीट जीतेगी जबकि एआईडीयूएफ एक सीट जीत सकती है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले तीन चरणों में मतदान करने वाले असम राज्य के सभी 14 निर्वाचन क्षेत्रों में 81.56 फीसदी का नया रिकॉर्ड मतदान हुआ, जो राज्य के इतिहास में पांच साल पहले दर्ज किए गए सबसे कम अंतर (0.01 फीसदी) से आगे निकल गया। राज्य की मतदाता सूची में 2.45 करोड़ से अधिक लोगों का नामांकन किया गया है, जिनमें लगभग समान संख्या में पुरुष और महिला मतदाता हैं, इसके अलावा 404 तीसरे लिंग के मतदाता हैं। जिन निर्वाचन क्षेत्रों के 4 जून को अंतिम परिणाम का इंतजार है, वे हैं काजीरंगा, शोणितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, दरंग-उदलगुड़ी, डीफू, करीमगंज, सिलचर, धुबड़ी, कोकराझार, बरपेटा, गुवाहाटी। 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटें अनारक्षित हैं, दो अनुसूचित जनजाति (एसटी) उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, और एक अनुसूचित जाति (एससी) उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। 2014 के चुनावों में, भाजपा ने 14 लोकसभा सीटों में से 7 पर कब्जा किया था, -शेष पृष्ठ दो पर

## मतदान के बाद आयोग ने मतदाताओं के प्रति जताई कृतज्ञता




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया खत्म हो गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनौतियों और दुविधाओं के बावजूद मतदान करने वाले वोटरों के प्रति आयोग कृतज्ञ है। वोटिंग के बाद आयोग ने एक बयान जारी किया। बयान में आयोग ने कहा कि भारतीय मतदाताओं ने 18वीं लोकसभा के गठन के लिए अपने सबसे प्रिय मतदान के अधिकार का इस्तेमाल किया। भारतीय लोकतंत्र और भारतीय चुनावों ने एक बार फिर जादू किया है। भारतीय मतदाता महान हैं। उन्होंने एक बार फिर जाति, पंथ, धर्म, सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे जाकर मतदान किया है। आयोग का कहना है कि भारतीय मतदाता ही असल विजेता हैं। आयोग ने कहा कि अलग-अलग चुनौतियों के -शेष पृष्ठ दो पर

## नतीजों से खुश हुए पीएम मोदी, इंडी गठबंधन के हारने की वजह भी बताई



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवे चरण की मतदान समाप्त हुआ। वहीं, विभिन्न एजेंसियां एग्जिट पोल के नतीजे सामने लेकर आईं। सभी एग्जिट पोल में एनडीए को पूर्ण बहुमत की सरकार बनती दिख रही है। एग्जिट पोल के नतीजें के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। पीएम मोदी ने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत के लोगों ने एनडीए सरकार को दोबारा चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने हमारा ट्रैक रिकॉर्ड देखा है और जिस तरह से हमारे काम ने गरीबों, हाशिए पर मौजूद और वंचितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाया है। साथ ही, उन्होंने देखा है कि कैसे भारत में सुधारों ने भारत को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया है। हमारी हर योजना बिना किसी पूर्वाग्रह या लीक के इच्छित लाभार्थियों तक पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा। वे जातिवादी, सांप्रदायिक और भ्रष्ट हैं। यह गठबंधन, जिसका -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगाल में हिंसा, गुस्साई भीड़ ने ईवीएम लूटकर तालाब में फेंकी



**नई दिल्ली।** अब तक लगभग शांतिपूर्ण हो रहे लोकसभा चुनाव में शनिवार को सातवें और अंतिम चरण के मतदान के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा ने पूरे चुनाव पर दाग लगा दिया है। इस दौरान पश्चिम बंगाल में मारपीट के साथ ईवीएम लूटने की भी घटना हुई है। हालांकि निर्वाचन आयोग ने इस घटना को वोटिंग शुरू होने से पहले का बताया है। इस बीच अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर 59 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस दौरान सबसे -शेष पृष्ठ दो पर


doorgraph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## अवैध कोयला खनन मामला : आठ दिन बाद मजदूर का शव बरामद



**लिडू।** लिडू के टिकोक पश्चिम में अवैध रैट होल खनन में फंसे तीन मजदूरों में से एक का शव 8 दिन बाद बरामद कर लिया गया है। आज सुबह से ही एसडीआरएफ/एनडीआरएफ के माध्यम से पुन: ऑपरेशन शुरू किया गया। इस बीच, टीम ने शेष लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए अपना अभियान भी तेज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि असम के तिनसुकिया जिले में एक अवैध रैट-होल खदान में तीन लोग 26 अप्रैल से फंसे हुए हैं। यह घटना 26 मई रविवार को रात करीब 12.30 बजे बरगोलाई और नामदांग इलाकों के बीच लिडू के टिकोक पश्चिम खनन स्थल पर हुई। अधिकारियों ने कहा कि पटकाई पहाड़ियों में भूस्खलन के बाद तीन -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य में बाढ़ से अब तक आठ की मौत, साढ़े तीन लाख विस्थापित



**गुवाहाटी (हि.स.)।** चक्रवाती तूफान रेमल के कारण हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में असम में अब तक दो बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि करीब 3.50 लाख लोगों को उनके घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रदेश में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की रिपोर्ट के अनुसार कछार जिले में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हैलाकांदी जिले में एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के 11 जिलों के 78 हजार से अधिक बच्चों समेत 3.50 लाख लोग बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कछार जिले में करीब 1.20 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। नगांव जिले में 78,756 लोग, होजाई जिले में 77,030, करीमगंज जिले में 52,684 लोग तथा हैलाकांदी जिले में 10,165 लोग प्रभावित हुए हैं। कार्बी आंगलोंग, धेमाजी, होजाई, कछार, करीमगंज, डिब्रूगढ़, नगांव, हैलाकांदी, गोलाघाट, पश्चिम कार्बी आंगलोंग और डिमा हसाओ जिलों के 25 राजस्व ब्लॉकों के कुल 560 गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं। मूसलाधार बारिश के बाद कपिली, बराक, कटाखाल और कुशियारा समेत कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। बाढ़ प्रभावित जिलों में बाढ़ के पानी ने 4931 हेक्टेयर फसल क्षेत्र को जलमग्न कर दिया है। प्रशासन ने 187 राहत शिविर और वितरण केंद्र स्थापित किए हैं, जहां 68,600 लोग शरण लिए हुए हैं। बाढ़ में कुल 10,23,063 पालतू जानवर भी प्रभावित हुए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, असम पुलिस, अग्निशमन एवं -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है, जब तक जीना, तब तक सीखना यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।*
- स्वामी विवेकानंद

## केजरीवाल को एससी से राहत नहीं, आज करना होगा सरेंडर



**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से तत्काल राहत नहीं मिली है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा मेडिकल आधार पर दायर अंतरिम जमानत याचिका पर दिल्ली की एक अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर आज फैसला नहीं आएगा और इस कारण अब उन्हें कल तिहाड़ जेल में सरेंडर करना होगा। अंतरिम जमानत पर फैसला अब 5 जून को आएगा। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। उन्हें रविवार को आत्मसमर्पण करना है। -शेष पृष्ठ दो पर

## लोकसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त अंतिम चरण में 58.89 प्रतिशत मतदान



**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर शनिवार शाम मतदान समाप्त हो गया। इसके साथ ही 19 अप्रैल से शुरु हुई विश्व की सबसे लंबी मैराथन मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई। चुनाव आयोग के अनुसार लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 58.89 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 69.89 प्रतिशत जबकि बिहार में सबसे कम 49.12 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग ने मतदान के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि बिहार में 49.12 प्रतिशत, चंडीगढ़ में 62.80 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 66.91 प्रतिशत, झारखंड में 68.16 प्रतिशत, ओडिशा में 62.55 प्रतिशत, पंजाब में 55.58 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 55.53 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 69.89 प्रतिशत मतदान रहा। -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान से ज्यादा भारत को पसंद करते इस्लामिक देशों के युवा : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि इस्लामिक देशों में युवा पाकिस्तान से ज्यादा भारत को पसंद करते हैं। हालांकि पाकिस्तान खुद को मुस्लिम देशों का सबसे प्रमुख सदस्य साबित करने में लगा रहता है और इसके नेता अक्सर मुस्लिम उम्मा का जिक्र करते हुए अरब देशों के साथ अपनी नजदीकी का दिखावा करते रहते हैं लेकिन अरब के लोग पाकिस्तान को जरा भी पसंद नहीं करते हैं। सर्वे के अनुसार अरब देशों के युवाओं की नजर में पाकिस्तान से ज्यादा सम्मान भारत का है। अरब देशों के युवाओं के बीच किया गए सर्वे के अनुसार भारत -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होंगे इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता

**जयपुर (हि.स.)।** इंडिया गठबंधन द्वारा एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होने का निर्णय किया गया है, जिसकी अनुपालना में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया पैनल लिस्ट एग्जिट पोल की डिबेट में शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

### मप्र के नदी में डूबी नाव, छह की मौत दो लापता

**श्योपुर (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में मानपुर थाना क्षेत्र के सरोदा गांव में शनिवार शाम को यात्रियों से भरी नाव सीप नदी में पलट कर डूब गई। हादसे के वक्त नाव में 11 लोग सवार थे, जिनमें से तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई है। उनके शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो लोग लापता है। वहीं, तीन लोग किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर -शेष पृष्ठ दो पर

## इंडी गठबंधन की आएंगी 295 सीटें : खड़गे



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां *अनौपचारिक बैठक* कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल *एग्जिट पोल* (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे ताकि भाजपा और उसके तंत्र को बेनकाब किया जा सके। विपक्षी गठबंधन ने यह तय भी किया कि अपने स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को यह निर्देश देंगे को चार जून को मतगणना से जुड़ी पूरी प्रक्रिया संपन्न होने तक तथा जीत का प्रमाण मिलने तक मतगणना केंद्रों पर मुस्तैद रहें। इस गठबंधन ने निर्वाचन आयोग से रविवार को मुलाकात का समय मांगा है ताकि मतगणना से जुड़े विषयों एवं शिकायतों को उनके सामने रखने के साथ समाधान की मांग भी कर सकें। बैठक के बाद *इंडिया* गठबंधन दलों के नेताओं की मौजूदगी में खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि अपने नेताओं से पूछने के बाद हमारा यह आकलन है कि इंडिया गठबंधन को कम से कम 295 सीट -शेष पृष्ठ दो पर

## रूस ने यूक्रेन के एनर्जी सीस्टम पर किया हमला



**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेनी बिजली के बुनियादी ढांचे पर बमबारी तेज कर दी है, जिससे थर्मल और जल विद्युत उत्पादन का बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया है, ब्लैकआउट हो गया है और बिजली आयात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा उत्पादन कंपनी डीटेक ने कहा कि उसके दो थर्मल पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा है और उपकरण *गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त* हो गए हैं। आज सुबह जापोरिज्जिया, निप्रोपेट्रोव्स्क और डोनेट्स्क सहित कई यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजली संयंत्रों पर हमले करने के लिए 53 ड्रोन भेजे गए। 35 ड्रोन को मार गिराया गया, लेकिन 2 ऊर्जा सुविधाओं को गंभीर नुकसान पहुंचा। यह हमला एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, क्योंकि युद्ध की शुरुआत के बाद से यूक्रेन अपनी ऊर्जा -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# दिल्ली में चला मोदी मैजिक...

## भाजपा जीत सकती है सभी सात सीटें, इंडिया गठबंधन का खाता खुलना मुश्किल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सातवें चरण की वोटिंग खत्म होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे सामने आना शुरू हो गए हैं। एग्जिट पोल में दिल्ली में कमल खिल रहा है। मोदी लहर में एक बार फिर आप और कांग्रेस उड़ती हुई नजर आ रही है। एग्जिट पोल में भाजपा के खाते में दिल्ली की सातों की सातों सीटें मिलती हुई दिख रहीं है जबकि आप और कांग्रेस अपना खाता तक नहीं खोल पाई है। टीवी9 भारतवर्ष, पोल स्टार्ट और पिपुल्स इनसाइट के एग्जिट पोल के मुताबिक दिल्ली की सभी 7 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीत सकती है। वहीं, इंडिया गठबंधन का यहां खाता भी खुलता नहीं दिख रहा है। एक वक्त तक कांग्रेस का गढ़ रही दिल्ली पिछले दो लोकसभा चुनावों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जाती रही है। 2014 लोकसभा चुनाव और 2019 आम चुनाव में भी दिल्ली की सभी 7 सीट पर भाजपा को एकतरफा जीत मिली थी।

चांदनी चौक – प्रवीन खंडेलवाल (भाजपा) बनाम जय प्रकाश अग्रवाल (कांग्रेस)
उत्तर पूर्वी दिल्ली – मनोज तिवारी (भाजपा) बनाम कन्हैया कुमार (कांग्रेस)
पूर्वी दिल्ली – हर्ष मल्होत्रा (भाजपा) बनाम कुलदीप कुमार (आम आदमी पार्टी)
नई दिल्ली – बांसुरी स्वराज (भाजपा) बनाम सोमनाथ भारती (आम आदमी पार्टी)
उत्तर पश्चिमी दिल्ली – योगेन्द्र चंडोलिया (भाजपा) बनाम उदित राज (कांग्रेस)
पश्चिमी दिल्ली – कमलजीत सेहरावत (भाजपा) बनाम महाबल मिश्रा (आम आदमी पार्टी)
दक्षिणी दिल्ली – रामवीर सिंह बिधूरी (भाजपा) बनाम सहीराम पहलवान (आम आदमी पार्टी)

दिल्ली में सभी सातों सीटों पर भाजपा और इंडिया ब्लॉक के बीच सीधा मुकाबला है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के तहत चुनावी मैदान में हैं। पहली बार हुआ है जब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ संयुक्त उम्मीदवार उतारे हैं। आप जहां चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है, वहीं कांग्रेस ने बाकी तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 25 मई को एक ही चरण में सातों लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में करीब 54.48 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।

# पूसीरे लमडिंग-बदरपुर पहाड़ी सेक्शन का एयरबोर्न लिडार सर्वेक्षण करेगा

**गुवाहाटी (हिंस)।** लमडिंग-सिलचर पहाड़ी सेक्शन के महत्वपूर्ण स्थानों पर एयरबोर्न इलेक्ट्रोमैग्नेटिक लिडार सर्वेक्षण के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) पूर्ण रूप से तैयार है। यह सर्वेक्षण मानसून के दौरान और बाद में किया जाएगा, जो मिट्टी की परत के प्रकार, ढलान की स्थिरता, पहाड़ी में किसी भी प्रकार की हलचल के लिए प्राकृतिक या गठित त्रुटि की उपस्थिति, मिट्टी के स्तर के नीचे जल संचय, फिसलन परिक्षेत्र के गठन और पहाड़ी के निचले हिस्से की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण स्थान का विस्तार से विश्लेषण करेगा। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने आज बताया है कि यह सर्वेक्षण लमडिंग-बदरपुर सेक्शन के किमी 45 से किमी 125 के बीच किया जाएगा। सर्वेक्षण के लिए निविदा को पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है और नोएडा की कंपनी मैसर्स गरुड़यूएवी सॉफ्ट सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को यह प्रदान किया गया है। मजबूत डिजिटल ट्विन आधारित एआई संचालित वन प्वाइंट मॉनिटरिंग सिस्टम पर आधारित एयरबोर्न ग्राउंड सतह सर्वेक्षण और उप सतह विद्युत चुम्बकीय सर्वेक्षण आयोजित किया जाएगा। यह गतिशील भूभौतिकीय परिदृश्य और भूमिगत पर्यावरण की निगरानी करेगा, जो भूस्खलन एवं फिसलन की संभावना वाले कमजोर और संवेदनशील स्थान के साथ सतत मानवीय हस्तक्षेप के बिना ट्रैक परिस्थिति के निवारक रखरखाव के लिए विफलता तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान और विश्लेषण करने में मदद करेगा। यह नॉन-इनवेसिव सेंसर यानी लिडार, ऑप्टिकल फोटोग्रामेट्री, इन्फ्रारेड मैपिंग और ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार और एयरबोर्न इलेक्ट्रोमैग्नेटिक का उपयोग करके किया जाएगा। सर्वेक्षण द्वारा उत्पन्न हजारों डेटा की बेहतर तुलना के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर द्वारा परिणाम या आउटपुट का विश्लेषण किया जाएगा और ऐसे महत्वपूर्ण स्थान के लिए सुधार संबंधी उपाय प्रदान किए जाएंगे। लिडार (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) तकनीक का उपयोग अत्यधिक विस्तृत और सटीक उच्च डेटा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। मौजूदा रेलवे ट्रैक, आस-पास के इलाके और किसी भी प्रासंगिक संरचनाओं सहित परियोजना क्षेत्र की स्थलाकृति को अधिकृत करने के लिए हवाई या स्थलीय लिडार स्कैनर का उपयोग करके लिडार सर्वेक्षण किया जाता है।

# बराक घाटी में संभावित बाढ़ का खतरा



**गुवाहाटी (हिंस)।** बराक घाटी में संभावित बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर प्रथम वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक अतिरिक्त टीम को तैनात किया गया है। टीम को लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय (एलजीबीआई) हवाई अड्डा, गुवाहाटी से हवाई मार्ग द्वारा आज कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर भेजा गया। यह तैनाती क्षेत्र में पहले से ही तैनात एनडीआरएफ टीम के अतिरिक्त है। इस तैनाती का उद्देश्य बराक घाटी में बाढ़ के प्रभावों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने और तत्काल सहायता और समर्थन प्रदान करना है। एनडीआरएफ हमेशा की तरह बाढ़ या बाढ़ जैसी स्थितियों से प्रभावित जनजीवन के बचाव और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये टीमें इस प्रकार की हर स्थिति को संभालने के लिए कुशल और अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में चक्रवात रेमल के प्रभाव के चलते बीते 27 मई से कई दिनों तक हुई लगातार बारिश के कारण बराकघाटी के तीन जिलों कछार, करीमगंज और हैलाकांदी के साथ ही डिमा हसाओ और कार्बी आंगलोंग जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है। डिमा हसाओ जिले में अति वृष्टि के चलते कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। इसके कारण सड़क मार्ग और रेल मार्ग अवरुद्ध हो गया है। असम से मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और असम की बराक घाटी का यातायात संपर्क टूट गया है। छोटे वाहनों की आवाजाही को पूरी सुरक्षा के बीच सुनिश्चित किया गया है। प्रशासन सड़क मार्ग को खोलने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। रेल प्रशासन भी रेलवे ट्रैक की मरम्मत के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

## अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहा बोलोरो पिकअप जब्त

**शोणितपुर (हिंस)।** शोणितपुर जिले के चारीदुवार इलाके में वन विभाग की टीम ने अभियान चला कर अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहे एक बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया है। वन विभाग ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान लकड़ी लेकर जा रहे बोलेरो पिकअप (एएस-12बीसी-6108) को जब्त किया गया। इस मामले में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। लकड़ी लेकर जा रहा वाहन बगीजुली की ओर से चारीदुवार की ओर आ रहा था। इसी दौरान वन विभाग की टीम ने अभियान चलाते हुए वाहन को जब्त कर लिया। जब्त की गई लकड़ी की कीमत लगभग पचास हजार रुपए आंकी गई है। वन विभाग इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# घर में खून से लथपथ अवस्था में मिला शव, हत्या की आशंका

**शोणितपुर (हिंस)।** जिला के जामुगुड़ीहाट के सामधरा पानीगांव में एक व्यक्ति की मौत को लेकर इलाके में सनसनी व्याप्त है। मृतक के परिजनों ने योजनाबद्ध तरीके से हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मृतक की मां और बहन आज शिवसागर से घर पहुंचकर समूची घटना को देखने के बाद कहा है कि मेरे पुत्र की किसी संपर्की ने हत्या की है। माना जा रहा है कि तीन दिन पहले युवक की हत्या कर शव को फेंका गया था। सूचना मिलते ही मौके पर मजिस्ट्रेट के साथ पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों ने बताया है कि जमुगुड़ीहाट के सामधरा पानीगांव में बीती देर रात को एक युवक का शव मिला। युवक का शव बीती रात को घर के पीछे पाया गया। पीड़ित के परिवार को संदेह है कि उसकी पूर्व नियोजित हत्या की गई है। मृतक रितुमणि नाथ एक मैकेनिक के रूप में काम करता था। वह पिछले कुछ समय से अपने आवास में अकेले रह रहा था। मृतक की मां कुछ दिन पहले शिवसागर में अपनी बेटी के घर गई हुई थी। रितुमणि रोजाना फोन पर अपनी मां और बहन के संपर्क में था। बीते बुधवार की रात को बहन ने जब फोन किया तो उसका फोन स्वीच आफ मिला। पीड़िता की बहन और मां ने पड़ोसियों से संपर्क किया और उन्हें उनके आवास पर जाकर स्थिति देखने के लिए कहा। गांव का एक व्यक्ति गांव सुरक्षा वाहिनी के कार्यकर्ता के साथ उसके आवास पर पहुंचा जहां रितुमणि रहता था। उसने बीती रात को खून से लथपथ युवक का शव घर के पीछे बरामदे में पड़ा देखा। इसकी जानकारी तुरंत पूरे गांव में फैल गयी। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को देखा और जांच शुरू कर दी। रितुमणि की बहन और मां आज सुबह शिवसागर से यहां पहुंची और आरोप लगाया कि रितुमणि की हत्या की गई है। साथ ही कहा कि उसके साथ काम करने वाले सहकर्मी उसकी हत्या में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने इस घटना की पुलिस से उचित जांच की मांग की। घटना को लेकर पूरे इलाके में तनाव व्याप्त है, संदेह जताया गया है कि तीन दिन पहले युवक की हत्या कर दी गई थी।

## भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त दो तस्कर गिरफ्तार

**बरपेटा (हिंस)।** बारपेटा के हाउली में भारी मात्रा में पुलिस ने ड्रग्स जब्त किया है। हाउली पुलिस ने नशे के धंधे में शामिल दो नशा तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि हाउली पुलिस थाना प्रभारी राजीव नेउग के नेतृत्व में हाउली पुलिस ने बीती रात शहर के वार्ड नंबर 1 में एक किराए के मकान पर छापा मारकर मादक पदार्थ के पैकेट बरामद किए। मादक पदार्थ को पांच साबुनदानी में छिपाकर रखा गया था। इस संबंध में दो मादक पदार्थ के तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों ड्रग्स तस्करों की पहचान मिनहाज अली और राजीबुल अली के रूप में की गई है। गिरफ्तार मिनहाज अली का जयपुर तथा राजीबुल का घर पथालीझार गांव के रहने वाले बताये गए हैं। गिरफ्तार मिनहाज अली एक महिला रेजिया बेहम के घर पर रहते हुए ड्रग्स रैकेट चला रहा था।

# पृष्ठ एक का शेष

### एग्जिट पोल : असम...

जबकि कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने तीन-तीन सीटें जीती थीं, और एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई थी। 2019 के चुनावों में, भाजपा ने 10 सीटों पर, अगप ने तीन और बोड़ोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) ने एक सीट पर चुनाव लड़ा था। भाजपा ने 9 सीटें जीतीं। भाजपा ने 2020 में बीपीएफ को छोड़ दिया और यूपीपीएल के साथ एक नई साझेदारी शुरू की धुबड़ी निर्वाचन क्षेत्र ने राज्य के सभी लोकसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक मतदाता मतदान के अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, और 92.08 फीसदी का नया रिकॉर्ड स्थापित किया, जिसके बाद बरपेटा में 81.02 फीसदी, कोकराझार में 80.44 फीसदी रहा। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, अंतिम चरण में धुबड़ी में यह मतदाता मतदान तीनों चरणों में सबसे अधिक मतदान के साथ समाप्त हुआ। 26 लाख से अधिक मतदाताओं के साथ, राज्य में सबसे अधिक, धुबड़ी के मतदाताओं में पिछले साल परिसीमन अभ्यास के दौरान अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के साथ निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्गठन के कारण 2019 की तुलना में 43 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई। परिसीमन के बाद राज्य में यह पहला चुनाव था। आदिवासी बहुल डीफू, जिसमें राज्य के दो पहाड़ी जिले शामिल हैं, में सबसे कम 75.74 फीसदी मतदान हुआ।

### मतदान के बाद ...

बाद भी मतदान करने पहुंचे मतदाताओं के प्रति मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित पूरा चुनाव आयोग परिवार कृतज्ञ है। आयोग ने बताया कि वे सभी मतदाताओं को धन्यवाद और प्रशंसा देना चाहते हैं। मतदाताओं ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदाता इस बार भी संविधान संस्थापकों के सपने पर खरे उतरे। चुनाव आयोग ने सुरक्षा बलों सहित पूरे चुनाव तंत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को भी धन्यवाद दिया। आयोग ने मीडिया को भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। आयोग ने कहा कि बुजुर्गों, 100 साल पूरा कर चुके मतदाता, दिव्यांग व्यक्तियों और ट्रांसजेंडरों द्वारा डाले गए वोट कई लोगों के लिए प्रेरणा है। खासकर युवाओं के लिए, जो लोकतंत्र को और आगे ले जाएंगे। आयोग ने आगे कहा कि मतदाताओं, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, चुनाव कर्मियों और सुरक्षा बलों सहित अन्य सभी के सामूहिक प्रयासों से ही मतदान साकार हो सका है। सभी सम्मान और प्रशंसा का पात्र हैं। हम लोगों ने सामूहिक प्रयासों से लोकतंत्र के पहिये को घुमाए रखा है। बता दें, सीईसी कुमार पिछले दो साल से आम चुनावों की तैयारी कर रहे थे।

### नतीजों से खुश...

उद्देश्य मुट्ठी भर राजवंशों की रक्षा करना था, राष्ट्र के लिए भविष्य की दृष्टि प्रस्तुत करने में विफल रहा। अभियान के माध्यम से, उन्होंने केवल एक चीज में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई – मोदी को कोसना। ऐसी प्रतिगामी राजनीति को जनता ने नकार दिया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता की सराहना करना चाहूंगा। पूरे भारत में, अक्सर भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। मैं लोगों को हमारे विकास एजेंडे को सावधानीपूर्वक समझाने और उन्हें बाहर आकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए उनकी सराहना करता हूं। हमारे कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। प्रधानमंत्री ने आगे देश की जनता को धन्यवाद भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद। उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक भावना पनपे।

### बंगाल में हिंसा...

अधिक 69.89 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ है। जो पिछले छह चरणों के मुकाबले कम है। सबसे कम 49.35 प्रतिशत मतदान बिहार में हुआ है। अब नतीजे चार जून को आएंगे। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के सभी सातों चरणों में करीब 65 फीसद मतदान हुआ है। जो 2019 के मुकाबले कम है। 2019 में 67.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग के मुताबिक सातवें व अंतिम चरण में हिमाचल प्रदेश में 66.91, उत्तर प्रदेश में 55.55, पंजाब में 55.58, ओडिशा में 62.76 , झारखंड में 68.32 प्रतिशत व चंडीगढ़ में 62.80 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकसभा चुनाव के इससे पहले के चुनाव में भी कमोबेश कुछ ऐसा ही मतदान प्रतिशत रहा है। अंतिम चरण के इस चुनाव में जो प्रमुख चेहरे मैदान में है, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, महेंद्र नाथ पांडेय, रामकृपाल यादव,अनुप्रिया पटेल, कंगना रानौत, मीसा भारती और अभिषेक बनर्जी शामिल है। लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा के विधानसभा चुनाव भी समाप्त हो गए। जहां अंतिम चरण में लोकसभा के साथ मतदान था। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना, संदेशखाली में हिंसा की घटनाएं देखने को मिली है। इस दौरान दक्षिण चौबीस परगना के हिंसा के बाद गुस्साई भीड़ ने ईवीएम को लूट लिया और पुलिस के पीछा करने के बाद उसे बाद में तालाब में फेंक दिया। हालांकि आयोग के मुताबिक यह रिजर्व ईवीएम थी। साथ ही यह घटना मतदान शुरू होने से पहले की है। ऐसे में मतदान बाद में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### अवैध कोयला खनन...

कोयला खनिक अवैध रैट-होल खदान के अंदर फंस गए हैं। फंसे हुए लोगों में नेपाल के भोजपुर निवासी दावा चेरपा भी शामिल हैं, जबकि मेघालय के दो श्रमिक जॉन और फेनाल हैं। अधिकारी ने बताया कि कुल मिलाकर चार कोयला श्रमिक रैट-होल खदान से अवैध कोयला खरीदने में लगे हुए थे। अधिकारी ने कहा कि उनमें से तीन खदान के अंदर चले गए और चौथा कोयला परिवहन में मदद कर रहा था। अचानक भूस्खलन हुआ, जिससे तीनों मजदूर खदान के अंदर फंस गए। ऐसा संदेह है कि वे कोयला खदान के अंदर मर गए, लेकिन हम तब तक कुछ नहीं कह सकते जब तक हमें उनके शव नहीं मिल जाते। उन्होंने कहा कि प्रशासन फिलहाल बचाव अभियान चला रहा है और मदद के लिए कई एजेंसियों को बुलाया जा रहा है।

### केजरीवाल को एससी ...

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केजरीवाल के अंतरिम जमानत आवेदन का शनिवार को विरोध किया। ईडी ने अदालत में दावा किया कि केजरीवाल ने तथ्यों को छिपाया एवं अपने स्वास्थ्य सहित कई मामलों पर गलत बयान दिये। उसकी ओर पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में कहा कि केजरीवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में भ्रामक दावा किया कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। केजरीवाल ने स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की अवधि एक सप्ताह बढ़ाने का अनुरोध किया है। उनके वकील ने अदालत में कहा कि अरविंद केजरीवाल बीमार हैं और उन्हें उपचार की जरूरत है। इसपर ईडी ने कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत की पूरी अवधि में प्रचार किया और अब वह अचानक दावा कर रहे हैं कि वह बीमार हैं। उसने अदालत से कहा कि यदि किसी चिकित्सकीय परीक्षण की जरूरत होगी तो वह जेल के अंदर कराया जाएगा तथा आवश्यकता होने पर केजरीवाल को एम्स या अन्य अस्पताल में ले जाया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव के ...

वहीं ओडिशा राज्य विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए भी मतदान समाप्त हो गया। यहां 62.66 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अंतिम चरण में आज पंजाब की सभी 13, हिमाचल प्रदेश की 4, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, झारखंड की 3 और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक सीट पर मतदान पूरा हो गया। आज शाम इस चरण के पूरा होते ही 19 अप्रैल से 543 सीटों के लिए शुरू हुई सात चरणों की मैराथन मतदान प्रक्रिया खत्म हो गई। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव समाप्त भी हो गया। धर्मशाला में 66.27 प्रतिशत, बारासर में 50 प्रतिशत, लाहौल व स्पीति में 73.72 प्रतिशत, गैग्रेट में 68.28 प्रतिशत, सुजानपुर में 63 प्रतिशत और कुटलेहर सीट पर 71.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य विधानसभाओं की मतगणना 2 जून रविवार को होगी और उसी दिन नतीजे भी आएंगे जबकि भारत सरकार बनाने के लिए के गठन के लिए 4 जून को मतगणना होगी और उसी दिन नतीजे आएंगे।

### पाकिस्तान से ज्यादा...

सिर्फ पाकिस्तान ही नहीं बल्कि अमेरिका से भी ऊपर है। एएसडीएए बीसीडब्ल्यू के द्वारा 2023 में कराए गए अरब यूथ सर्वे के आंकड़ों के अनुसार इन देशों का युवा भारत को अपने सहयोगी के रूप में देखते हैं। सर्वे में युवाओं से देश का नाम बताकर पूछा गया कि क्या वे उसे अपने सहयोगी के रूप में देखते हैं। पाकिस्तान का नाम आने पर 69 प्रतिशत युवाओं ने उसे सहयोगी माना जबकि अमेरिका को 72 प्रतिशत ने अपना सहयोगी स्वीकार किया। सर्वे में जब भारत का नाम लिया गया तो 73 प्रतिशत ने नई दिल्ली को सहयोगी बताया। हालांकि, इस लिस्ट में सबसे टॉप पर तुर्की है, जिसे 82 प्रतिशत युवा अपने मजबूत सहयोगी के रूप में देखते हैं। हैरान करने वाली बात इस लिस्ट में चीन का दूसरे स्थान पर होना है, जिसे 80 प्रतिशत युवाओं ने साथी देश माना है। ये बताता है कि किस तरह से चीन यहां पर अमेरिका से काफी आगे निकल गया है। गौरतलब है कि बीते दिनों ही ऐसी रिपोर्ट सामने आई थी जिसमें सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने जब देश में भिखारियों के खिलाफ अभियान चलाया तो पकड़े गए लोगों में सबसे ज्यादा संख्या पाकिस्तानियों की निकली। रमजान के दौरान पाकिस्तानी भिखारियों की बाढ़ के चलते दुबई को विशेष अभियान चलाना पड़ा था। इस दौरान पता चला था कि पाकिस्तान से भिखारियों को भेजने के लिए पूरा रैकेट चलता है।

### इंडी गठबंधन की ...

आएंगी...हम इससे ज्यादा सीट जीतेंगे...यह जनता का सर्वेक्षण है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम एक हैं, हम एक रहेंगे, हमें बांटने की कोशिश नहीं करो। खड़गे के अनुसार, इंडिया गठबंधन ने एग्जिट पोल से जुड़ी चर्चाओं में भाग लेने का भी फैसला किया है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया कि इंडिया गठबंधन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एग्जिट पोल से संबंधित भाजपा व उसके तंत्र को बेनकाब करना आवश्यक है।एग्जिट पोल की डिबेट में भाग लेने के पक्ष और विरोध के तमाम पहलुओं पर चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि इंडिया गठबंधन के तमाम सदस्य दल एग्जिट पोल की चर्चाओं में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा था कि वह एक जून को एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से संबंधित टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग नहीं लेगी, क्योंकि पार्टी टीआरपी के खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहती। बैठक में तृणमूल कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) शामिल नहीं हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास *10 राजाजी मार्ग* पर आयोजित इस बैठक में खड़गे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और के.सी. वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल हुए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, द्रमुक के टी.आर. बालू, झारखंड मुक्त मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी इस बैठक में भाग लिया। बिहार में सक्रिय वीआईपी पहली बार इस गठबंधन का हिस्सा बनी है। खड़गे ने बैठक का वीडियो *एक्स* पर पोस्ट करते हुए कहा कि मतगणना वाले दिन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने आज अनौपचारिक बैठक की। लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता बेहद सतर्क हैं। मैं उनमें से प्रत्येक को उनकी सम्मानजनक उपस्थिति के लिए धन्यवाद देता हूं। उनका कहना था कि हमने अपनी पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ा है और सकारात्मक परिणाम को लेकर आश्वस्त हैं, क्योंकि भारत के लोगों ने हमारा समर्थन किया है। बदलेगा भारत, जीतेगा इंडिया। कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को फॉर्म 17सी को लेकर सतर्क रहने को कहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने पहले ही कह दिया था कि वह इस बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को बैठक से पहले कहा था कि मैं संभवत: नहीं जाऊं क्योंकि मेरी मां की आंख की सर्जरी हुई है। यह बैठक उस दिन हुई जब लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के लिए वोट पड़े। मतगणना चार जून को होगी। विपक्षी गठबंधन दावा कर रहा है कि वह भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को केंद्र में सत्ता में लौटने से रोकने और अपनी सरकार बनाने में सफल रहेगा। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने भी यह दावा किया है कि वह इन चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा। इंडिया गठबंधन बनने के बाद इससे कुल 28 दल जुड़े थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में असर रखने वाली राष्ट्रीय लोक दल जैसी कुछ पार्टियां राजग में शामिल हो गईं। इंडिया गठबंधन की पहली बैठक पिछले साल 23 जून को पटना में हुई थी, उसके बाद 17-18 जुलाई, 2023 को बेंगलुरु में और फिर 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच मुंबई में बैठक हुई। विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक 19 दिसंबर को दिल्ली में हुई। इसके बाद अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली में आयोजित *लोकतंत्र बचाओ* रैली में 31 मार्च को विपक्षी नेता शामिल हुए थे।

### रूस ने यूक्रेन...

उत्पादन क्षमता का 40 फीसदी पहले ही खो चुका है। रूस ने मिसाइल और ड्रोन से यूक्रेन की ऊर्जा सुविधाओं पर हमला कर दिया। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि हमलों ने देश भर के पांच क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। 15 मई, 2024 को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बीच, 92वें असॉल्ट ब्रिगेड के यूक्रेनी सैनिकों ने खार्किव क्षेत्र में रूसी ठिकानों की ओर बीएम-21 ग्रैड मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर दागा। अमेरिका ने यूक्रेन पर अपने पूर्वोत्तर क्षेत्र की रक्षा में मदद करने के लिए रूसी क्षेत्र के अंदर अमेरिकी निर्मित हथियारों का उपयोग करने पर प्रतिबंध में ढील दी है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, रूसी सेना ने यूक्रेन में मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार की है, जिससे पांच क्षेत्रों में ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन के राष्ट्रीय ग्रिड ऑपरेटर उक्रेनेर्गो ने शनिवार को कहा कि हमलों ने पूर्वी डोनेट्स्क, दक्षिणपूर्वी जापोरिजिया और निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्रों के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिम में क्रमश: किरोवोहराद और इवानो-फ्रैंकिवस्क क्षेत्र में सुविधाओं को निशाना बनाया। उक्रेनेर्गो ने कहा कि आज सुबह रूसियों ने यूक्रेनी ऊर्जा सुविधाओं पर एक और हमला किया। मार्च के बाद से यह नागरिक ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ छठा विशाल, जटिल, मिसाइल और ड्रोन हमला है। रूस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जिसने फरवरी 2022 में पड़ोसी यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया था। वायु सेना कमांडर ने कहा कि यूक्रेनी वायु रक्षा ने 53 रूसी मिसाइलों में से 35 और 47 रूसी ड्रोन में से 46 को मार गिराया। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों के बाद कई साइटों पर अग्निशमन दल आग बुझा रहे थे। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं।

### एग्जिट पोल के डिबेट ...

रहेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा एक से तीन जून के बीच एग्जिट पोल को लेकर होने वाली किसी भी डिबेट में भाग नहीं लेने का निर्णय किया था। लेकिन, भाजपा के झूठ को बेनकाब करने के लिए अब इंडिया गठबंधन द्वारा एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होने का निर्णय किया गया है, जिसकी अनुपालना में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया पैनलिस्ट एग्जिट पोल की डिबेट में शामिल रहेंगे।

### मप्र के नदी में ...

दुख व्यक्त किया है, साथ ही ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पर मौके पर भेजा है। जानकारी के अनुसार, हादसा मानपुर थाना क्षेत्र के सरोदा गांव में शनिवार शाम चार बजे हुआ। तेज आंधी के चलते नाव सीप नदी में पलट गई और पानी गहरा होने के कारण नदी में डूब गई। नाव में सवार लोग बडौदा के विजरपुर के रहने वाले थे। हादसे की सूचना मिलते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की सूचना पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शाम तक रेस्क्यू टीम ने छह लोगों के शव बरामद कर लिए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान परशुराम (25) पुत्र सूरजमल, आरती (16) पुत्री कान्हाराम, लाली (15) पुत्री रामवतार, भूपेंद्र (4) पुत्र रामअवतार, श्याम (10) पुत्र परशुराम, परवंता पत्नी परशुराम माली के रूप में हुई है। अभी दो लोग लापता है, रेस्क्यू चलाकर उनकी तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नाव हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि रामेश्वर घाट पर नाव पलटने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य तीव्र गति से जारी है। कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को भी पहुंचने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना की है।

### राज्य में बाढ़ से ...

आपातकालीन सेवाएं और स्थानीय प्रशासन कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान में लगे हुए हैं। पिछले 24 घंटों में बाढ़ के पानी ने 11 सड़कों, कई स्वास्थ्य केंद्रों, पुलियों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूल भवनों, सिंचाई नहरों को नुकसान पहुंचाया और तीन तटबंधों को तोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में प्राकृतिक आपदा के कारण जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और प्रत्येक घायल को 50 की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

# प्लास्टिक मुक्त ब्रह्मपुत्र की अलख जगाने तीन हजार बोतलों से बनी नाव पर निकले चार युवा

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** डिब्रूगढ़ के चार युवाओं का एक समूह आज ब्रह्मपुत्र नद के बढ़ते जलस्तर की परवाह किए बगैर एक साहसिक यात्रा पर निकला है। डिब्रूगढ़ के बोगीबिल पुल के परिसर से ब्रह्मपुत्र के उफनते जल के रास्ते सुदूर गुवाहाटी तक की 13-दिवसीय साहसिक यात्रा आरंभ हुई है। यह यात्रा बांस या केले के पेड़ के तनों से बनी नाव से नहीं बल्कि ब्रह्मपुत्र की तेज लहरों, बरसाती बाढ़, पानी, धूप, बारिश, हवा और तूफान के बीच सिर्फ प्लास्टिक की बोतलों से तैयार की गई नाव के जरिए आरंभ हुई है। धीरज विकास गोगोई द्वारा डिब्रूगढ़ में अपशिष्ट जल की बोतलों के साथ विशेष रूप से एक विशेष नाव का निर्माण किया गया है। यह उस बेकार प्लास्टिक की बोतल की नाव के माध्यम से ऊपरी से निचले असम तक की यात्रा है। यह डिब्रूगढ़ बोगीबील से



गुवाहाटी तक की यात्रा है, जिसमें *प्लास्टिक-मुक्त ब्रह्मपुत्र* और *नदी पर्यटन* उनके विषयों के रूप में हैं। ब्रह्मपुत्र की उफनती जलधारा पर पानी की कुल 3,000 बोतलों के साथ तीस फुट लंबी और आठ फुट चौड़ी नाव में चारों युवक हर दिन यात्रा करेंगे। रात ब्रह्मपुत्र के चापरी ( नद के छाड़न वाले इलाके) में बिताएंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विकास गोगोई ने तीन अन्य युवकों के साथ 2021 में प्लास्टिक की बोतलों से बनी नाव के जरिए डिब्रूगढ़ से माजुली की यात्रा की थी। चारों युवक ब्रह्मपुत्र के रास्ते यात्रा अवधि के दौरान विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने का भी कार्य करेंगे। धीरज विकास गोगोई ने आज इसी उद्देश्य और लक्ष्य के साथ इस सफर की शुरुआत की। धीरज विकास गोगोई की यात्रा को आज असम वितरण निगम के अध्यक्ष ऋतुपर्णा बरुवा ने रवाना किया। विभिन्न शुभचिंतकों और प्रकृति-प्रेमी संगठनों ने नदी पर्यटन के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त ब्रह्मपुत्र के साथ महाबाहु ब्रह्मपुत्र की यात्रा की शुभकामनाएं दी।

## कामरूप जिले में मतगणना अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण पूरा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** आगामी लोकसभा चुनाव की मतगणना के मद्देनजर कामरूप (मेट्रो) निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज समाप्त हो गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में भाग लेते हुए गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र के जिला आयुक्त और रिटर्निंग अधिकारी सुमित सत्तावन ने मतगणना में लगे प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी से अपने कर्तव्यों और दायित्वों को सुचारू रूप से निभाने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि दिसपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के सम्मेलन एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा जिला आयुक्त के बैठक कक्ष में 27 मई से आयोजित इस प्रशिक्षण में मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों, माइक्रो पर्यवेक्षकों, डाक मतपत्रों के प्रगणकों के साथ-साथ सारणीयन एवं संकलन से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज के समारोह में कामरूप (मेट्रो) जिला के अतिरिक्त जिला आयुक्त अजीत शर्मा के साथ जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

## टियक नगर के कुछ इलाके जलभराव से त्रस्त

**जोरहाट ( हिंस )।** मानसून आने के साथ ही जिला के टियक नगर के कई क्षेत्रों में भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नगर पालिका जहां सालाना बाढ़ की निकासी के लिए मास्टर प्लान तैयार



कर पानी निकालने का आश्वासन देती रही है, हालांकि, अभी तक नगर पालिका ने क्या मास्टर प्लान तैयार किया है, उसका पता नहीं चल सका है। टियक नगर के वार्ड नंबर 8 में अच्युत मार्ग के लोग पिछले अप्रैल से जलभराव के बीच जीने को मजबूर हैं। हालांकि, इस बीच ये लोग कई बार नगर पालिका से ऐसी समस्याओं के समाधान की मांग करते रहे हैं और नगर पालिका के अधिकारी आकर इसकी निगरानी कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। स्थानीय कुछ लोगों की राय है कि नगर पालिका द्वारा क्षेत्र में किसी भी तरह की उचित जल निकासी व्यवस्था, नालियों और नवनिर्मित मकानों का निर्माण करते समय ध्यान न देने के कारण पूरा क्षेत्र जलभराव की चपेट में है और लोगों को डर है कि नगर पालिका की इस तरह की अनदेखी के चलते ऐसी भयानक समस्या आने वाले दिनों में और गंभीर समस्याएं पैदा करेगी। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है।

## नलबाड़ी में युवक युवती का शव बरामद

**नलबाड़ी ( हिंस )।** नलबाड़ी में एक युवक-युवती के शव बरामदगी को लेकर सनसनी फैल गई। पुलिस ने आज बताया कि दोनों के गले में एक ही रस्सी से फंदा लगा हुआ पाया गया। यह बरामदगी नलबाड़ी के बानेकुची में बूढ़ादिया नदी के किनारे एक सुनसान जगह पर हुई। आज सुबह नदी किनारे गए लोगों ने युवक-युवती का शव लटकते देखा। लोगों को शक है कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका रहे होंगे। युवती की पहचान बाक्सा जिले के दलबाड़ी की रहने वाली के रूप में हुई है। जबकि, युवक नलबाड़ी का रहने वाला बताया गया है। इस बार युवती ने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण हुई थी। पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचकर घटना का संज्ञान लिया।

## सिंगारपाड़ा गांव में लगी आग से तीन घर जलकर राख

**रंगिया ( विभास )।** कामरूप ग्रामीण जिले के बाईहाटा चाराली के समीपवर्ती इलाके में शनिवार को भयंकर आग लग गई। बाईहाटा चाराली के पास सिंगारपारा गांव में यह घटना हुई जिसमें अंचल के तीन परिवारों के आवास पूरी तरह से जलकर राख हो गए। स्थानीय निवासियों की शिकायत है कि अग्निशमन बलों की गाड़िया देर से पहुंचने के बाद भी गाड़ियों में पानी नहीं होने का आरोप स्थानीय लोगों द्वारा लगाया गया है। फलस्वरूप घर आग में जलकर राख हो गए।

## करीमगंज : कुशियारा के तटवर्ती क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित लोग आश्रय शिविरों में रहने को मजबूर

**करीमगंज ( हिंस )।** करीमगंज में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित कुशियारा नदी के आसपास के इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए बाढ़ के पानी ने गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। कुशियारा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के चलते बाढ़ प्रभावित लोगों को आश्रय शिविरों में रहने को मजबूर होना पड़ा है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात रेमल के कारण राज्य में 27 मई से लगातार कई दिनों तक भारी बारिश हुई। इसके चलते कुशियारा के साथ ही अन्य कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। नतीजतन, राज्य के अन्य कई जिलों के साथ ही बराक घाटी के तीनों जिलों कछार, करीमगंज और हैलाकांदी में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गयी। पथारकांदी निर्वाचन क्षेत्र में भी लोंगाई नदी का पानी बाढ़ का सबब बन गया है। करीमगंज जिले में कुल 16 शिविरों में बाढ़ पीड़ितों को शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। जिले के नीलमणि रोड, एमएमसी रोड इलाकों के लगभग तीन सौ बाढ़ पीड़ितों ने शहर के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीलमणि लोअर बेसिक स्कूल और नीलमणि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शरण ली है। आज करीमगंज जिले में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। जिले की तीन प्रमुख नदियों का पानी फिलहाल मामूली रूप से घट रहा है। बराक घाटी में आई बाढ़ को देखते हुए राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के मंत्री पीयूष हजारिका ने लगातार दो दिनों तक बराक घाटी का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही संबंधित विभाग के शीर्ष अधिकारियों को तटबंधों की तुरंत मरम्मत करने तथा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया।

## ड्रग्स समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की फैंसी बाजार पुलिस की टीम ने ड्रग्स समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पलटन बाजार थाना क्षेत्र के फैंसी बाजार पुलिस चौकी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चला कर ड्रग्स के कारोबार में शामिल को तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान विश्वजीत बोरा (24) और राहुल अली (18) के रूप में की गई है।

## रंगिया में नि:शुल्क कटिंग व सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया नगर आंचलिक समिति और कामरूप ग्रामीण जिला के संयुक्त प्रयास से आज रंगिया के मुरारा स्थित वीणापानी गेस एजेंसी के निकट कटिंग के लिए मुफ्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया गया है कि महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन के उद्देश्य से, समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए यह कार्यक्रम चलाया गया हैं। वहीं कई महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी से प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल रहा। उपस्थित सभी महिलाओ को प्रशिक्षित दर्जियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में वेरिवर्ष के कामरूप ग्रामीण जिले की उपाध्यक्ष तृष्णा डेका सहित सह-सचिव अनामिका कलिता उपस्थित रहे।

## नकली नोट के कारोबार में शामिल तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के दिसपुर पुलिस ने नकली नोट के कारोबार में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान दिसपुर पुलिस थाने की एक टीम ने शनिवार को डाउन टाउन इलाके के पास एक घर में छापा मारा। अभियान के दौरान पुलिस ने नकली नोट के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। एक प्रिंटिंग मशीन और 3,49,500 नकली नोट बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान त्रिपुरा के कुमारघाट से सत्रगन रियांग, अलसरन्हा रियांग और लालूक मोइनुल हक के रूप में की गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं।

## बकरियों में पीपीआर रोग के रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान शुरू



**होजाई ( निसं )।** शिशुगांव, होजाई (एसओएस चिल्ड्रेन्स विलेज,होजाई) के परिवार सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम (फैमिली स्ट्रैंथनिंग कार्यक्रम) के सहयोग से आरएएचसी होजाई, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा होजाई असम के डिमपुरपार पंचायत के अंतर्गत हीरा बस्ती गांव में बकरियों में पीपीआर (पेस्टे डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स) रोग और इसकी रोकथाम के लिए सामूहिक टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. रोशनी राय, वीओ, होजाई ने अपनी टीम के साथ किया। टीकाकरण कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। कार्यक्रम में टीम द्वारा पहले बकरी की स्वास्थ्य स्थिति, गर्भावस्था की स्थिति, आयु की जाँच की गई और यदि टीकाकरण के लिए उपयुक्त पाया गया तो पीपीआर टीकाकरण किया गया। आज कुल 60 बकरियों का टीकाकरण किया गया और 100 बकरियों के लिए विभाग के तहत आगे की सेवा प्रावधान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए इयर टैग जारी किए गए। ग्राम स्तरीय पशु सखी, पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के स्वयंसेवक और एसओएस सीवी होजाई के एफएस कार्यक्रम के एनिमेटर कार्यक्रम के सुचारू प्रबंधन के लिए उपस्थित थे। गांव के लोगों ने एसओएस सीवी, होजाई और आरएएचसी होजाई, पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग, असम सरकार के एफएस कार्यक्रम की पहल की सराहना की।

## हाथी के हमले में एक किशोर की मौत

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिलांतर्गत कांदली गांव में हाथी और इंसान के बीच संघर्ष की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं। कांदली हाबी गांव में जंगली हाथी के हमले में एक किशोर की मौत हो गई। किशोर का शव हाबी गांव में एक खेत के बीच में आज सुबह पाया गया। भोजन की तलाश में कार्बी पहाड़ से यहां आए जंगली हाथी द्वारा किशोर पर हमला किए जाने की संभावना जताई गई है। सूचना मिलते ही आज सुबह वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंच गए। कांदली में जंगली हाथी के हमले में मारे गए किशोर की पहचान मोरीगांव माझगांव के रवि देउरी के रूप में हुई है। किशोर नगांव में रांगलू ग्राम विकास परिषद के बटरफलाई अनाथालय से भाग गया था। रवि अपने एक दोस्त के साथ गायब हुआ था। स्थानीय लोगों ने विक्की नांगवंशी मुंडा नामक किशोर को बचाया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों दोस्त रात में ही अनाथालय से फरार हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरी घटना का जायजा लिया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है।

## शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों का सम्मान



**गुवाहाटी।** नारायण नगर स्थित शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में शनिवार को हायर सेकेंडरी के दुसरे बैच के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रीना भौमिक ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे लोग जीवन में अच्छा इंसान बनें। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन कुमार अगरवाला ने निवर्तमान बैच को अपने प्रेरक शब्दों से प्रोत्साहित किया, ताकि आगे चलकर सभी अपने परिवार सहित विद्यालय का नाम रौशन कर सकें। डिस्टिंक्शन और स्टार मार्क होल्डर्स को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौक पर बच्चों द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं विद्यार्थियों के अभिभावकों ने स्कूल के सभी शिक्षकों तथा प्रबंधन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत एवं कुशल मार्गदर्शन से बच्चों को परीक्षा में बेहतर अंक हासिल करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## हरि लुइटेल ने पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी के *संरक्षक* के रूप में संभाल पदभार

**विश्वनाथ ( विभास )।** पूर्वोत्तर भारत में हिंदी भाषा व साहित्य के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में और नवलेखक व कवि के निर्माण में कार्य करने वाले न्यास ने हाल ही में अपना नौवें स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर विश्वनाथ के जाने माने साहित्यकार व सेवानिवृत्त हिंदी शिक्षक हरि लुइटेल (उपाध्याय) ने पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी के *संरक्षक* का गरिमामय पद ग्रहण किए। एमएबीएड हिंदी प्रवीण, उर्दू भाषा शिक्षण में शिक्षा ग्रहण किए हरि लुइटैल अवकाशप्राप्त प्रधान शिक्षक, बापूजी सेकेंडरी स्कूल के थे। उनकी साहित्यिक गतिविधियां में उपन्यासकार प्रेमचंदजी का गोदान नेपाली में अनुवादित एवं भारतीय साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित, *विस्मृति को अंध्यारो भित्र* (नेपाली कहानी संग्रह) और सप्तपदी (नेपाली कहानी संग्रह) है। वे कई पत्रिका के संपादन भी कर चुके हैं। वर्तमान विभिन्न साहित्यिक व सामाजिक अनुष्ठान से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार हरिप्रसाद लुइटेल अपने उम्र की नजरअंदाज करते हुए वर्तमान



हिंदी निबंध संग्रह प्रकाशित कार्य में जुटे हुए हैं। इधर विश्वनाथ जिले वरिष्ठ समाजसेवक व हिंदी प्रेमी छत्तर सिंह पवार जी ने भी पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी के *संरक्षक* पद ग्रहण करते हुए इस न्यास की कार्यशैली की प्रशंसा की। पवार राजस्थान के चूड़ू में जन्में असम प्रदेश के विश्वनाथ चारिआलि में आकर प्रतिष्ठित व्यवसाय के रूप में उभरे। असम में आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सचिव के रूप में सन 1991 में अपने दायित्व का निर्वाहन किया। भाजपा के विश्वनाथ जिला उपाध्यक्ष के रूप में काम किए। इसके बाद राष्ट्रीयता का परिचय देते हुए विश्वनाथ जिला के एक मात्र हिंदी हाईस्कूल राष्ट्रीय विद्यालय हाई स्कूल के अध्यक्ष रूप आपने हिंदी के प्रचार-प्रसार में नई दिशा प्रदान की। वर्तमान वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक, सक्रिय स्वयंसेवक के रूप में विश्वनाथ जिला के व्यवस्था प्रमुख के दायित्व पालन कर रहे हैं। वे मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी, विश्वनाथ चारिआलि शाखा के अध्यक्ष के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। साथ ही 50 वर्षों से विश्वनाथ में व्यवसाय व समाजसेवक तथा विभिन्न संगठनों के पदों पर रहकर सेवा प्रदान कर रहे हैं। पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी के हिंदी भाषा ,साहित्य, कला व सांस्कृतिक के क्षेत्र में किए गए विभिन्न कार्यक्रम से प्रोत्साहित होकर विश्वनाथ के अन्यतम समाजसेवक, हिंदी प्रेमी व सांस्कृतिक प्रेमी दिलीप शर्मा ने *संरक्षक* पद ग्रहण की। सांवरमल शर्मा और रत्नीदेवी शर्मा के पुत्र दिलीप शर्मा राजस्थान के लक्ष्मणगढ़ में जन्म ग्रहण किए। असम राज्य में आकर वे विश्वनाथ चारिआलि में प्रतिष्ठित व्यवसाय के रूप में उभरे। असम में आने के बाद में वे विश्वनाथ चारिआलि के चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े। वे वर्तमान मारवाड़ी सम्मेलन, विश्वनाथ चारिआलि शाखा के उपाध्यक्ष,विश्वनाथ क्रिकेट एसोसिएशन में भी सदस्य के भूमिका में है? वे विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति मनोनीत सदस्य के दायित्व में है। मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी, विश्वनाथ चारिआलि शाखा के उपाध्यक्ष है। वे ऑल इंडिया गोल्ड ब्राह्मण महासभा का मेंबर तथा विप्र फाउंडेशन का कार्यकारी सदस्य है। इसके अलावा विश्वनाथ चारिआलि शहर के प्रतिष्ठित सार्वजनिक श्री श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष पद पर सुशोभित थे। आदरणीय दिलीप शर्मा वर्तमान 35 वर्षों से विश्वनाथ में व्यवसाय व समाजसेवक तथा विभिन्न संगठनों व धार्मिक संस्थाओं के पदों पर रहकर सेवा प्रदान कर रहे हैं।


অসম লোকসেৱা আয়োগ

**ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION**

Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.

No.115PSC/DR-13/1/20021-22

**NOTIFICATION**

This is for information to all concerned that the Assam Public Service Commission will hold the screening Test (OMR Based) for recruitment to the post of **Scientific Officer and Junior Scientific Officer under Directorate of Forensic Science, Assam (Advt. No. 26/2023, dated 05/09/2023)** as per programme given below:

**PROGRAMME OF SCREENING TEST**

| Name of Post | Date & Day | Time | Subjects |
|---|---|---|---|
| Scientific Officer (Explosives Division) | 23-06-2024 (Sunday) | 10:00 AM to 12 Noon | Explosives & General Studies |
| Scientific Officer (Questioned Documents Division) | | 02:30 PM to 04:30 PM | Questioned Document & General Studies |
| Scientific Officer (Drugs and Narcotics Division) | 24-06-2024 (Monday) | 10:00 AM to 12 Noon | Drugs and Narcotics & General Studies |
| Scientific Officer (Biology Division) | | 02:30 PM to 04:30 PM | Biology & General Studies |
| Scientific Officer (Toxicology Division) | 25-06-2024 (Tuesday) | 10:00 AM to 12 Noon | Toxicology & General Studies |
| Scientific Officer (Serology Division) | | 02:30 PM to 04:30 PM | Serology & General Studies |
| Scientific Officer (Instrumentation Division) | 26-06-2024 (Wednesday) | 10:00 AM to 12 Noon | Instrumentation & General Studies |

**PROGRAMME OF SCREENING TEST**

| Name of Post | Date & Day | Time | Subjects |
|---|---|---|---|
| Junior Scientific officer (Physics Division) | 29-06-2024 (Saturday) | 10:00 AM to 12 Noon | Physics & General Studies |
| Junior Scientific officer (Biology Division) | 30-06-2024 (Sunday) | 10:00 AM to 12 Noon | Biology & General Studies |
| Junior Scientific officer (Chemistry Division) | | 02:30 PM to 04:30 PM | Chemistry & General Studies |

No intimation letter to the eligible candidates shall be sent separately by post. The list of candidates shall be uploaded on **10-06-2024** and e-Admission Certificate on **18-06-2024** in the Commission's official website **(www.apsc.nic.in)**. The candidates shall have to download their own e-Admission Certificate from the aforesaid website.

The Commission would like to clarify that the Commission reserves the right **to cancel the candidature of any candidate on verification of their application form** at any time or stage even after the screening Test, if it is found that they do not fulfill any of the eligibility criteria/conditions as per terms of the **aforementioned advertisement.**

PwBD candidates willing to apply for scribe for the said Screening Test may inform in writing with supporting documents to the Commission or send mail to apsc-asm@nic.in on or before 12/06/2024.

Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*-- Janasanyog /D/1146/24/2-Jun-24*

संपादकीय

# विपक्ष को ध्यान से भी आपत्ति

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 'ध्यान' लगाने से पहले ही बवाल शुरू हो चुका है। कांग्रेस से लेकर तृणमूल कांग्रेस तक को प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान लगाने से आपत्ति है। यह समझना कठिन है कि मोदी के ध्यान लगाने से कांग्रेस एवं अन्य दलों को क्या आपत्ति है? अगर कांग्रेस को लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान लगाने से चुनाव प्रचार होता है और मतदाता आकर्षित होते हैं, तब कांग्रेस के नेताओं को ध्यान लगाने से किसने रोका है? जैसे प्रधानमंत्री मोदी की भाँति राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे रैलियां कर रहे हैं वैसे ही वे प्रधानमंत्री की तरह कहीं जाकर ध्यान क्यों नहीं करते? कांग्रेस इस प्रकार के मुद्दों पर आपत्ति उठाकर स्वयं ही अपना नुकसान करा लेती है। जब कांग्रेस ऐसे मुद्दों पर विरोध करती है, तब देशवासियों को लगता है कि उसे हिन्दू प्रतीकों से आपत्ति है। स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। वर्ष 1893 में विश्व धर्म सभा में शामिल होने से पहले दिसंबर 1892 में स्वामी विवेकानंद तमिलनाडु के कन्याकुमारी गए थे। यहां समुद्र में 500 मीटर दूर पानी के बीच में उन्हें एक विशाल शिला दिखी, जहां तक वे तैरकर पहुंचे और ध्यानमग्न हो गए। वे 25, 26 और 27 दिसंबर को लगातार तीन दिन ध्यान में रहे। यहीं उन्हें भारत माता की दिव्य अवधारणा की अनुभूति हुई थी। उसी अनुभूति के साथ उन्होंने समूची दुनिया को भारत की अवधारणा से परिचित कराया। प्रधानमंत्री मोदी भी उसी शिला पर ध्यान लगाने जाएंगे। स्वाभाविक ही मीडिया इस घटना का कवरेज करेगा और देश की जनता तक प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरें पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े ऐतिहासिक प्रतापगढ़ दुर्ग पर पहुँचे थे और 2019 में उन्होंने श्री केदारनाथ में ध्यान लगाया था। इसका अर्थ है कि प्रधानमंत्री मोदी की यह स्थायी गतिविधि है। कई दिन तक चले चुनावी कोलाहल के बाद आत्मिक शांति के लिए वे ध्यान-चिंतन करते हैं। संभव है कि इस ध्यान-चिंतन के दौरान आगामी कार्ययोजना पर भी विचार करते होंगे। बहरहाल जो भी हो लेकिन यह विरोध करने का विषय तो कतई नहीं है। कांग्रेस ने तो कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है और प्रधानमंत्री मोदी को ऐसा करने से रोकने की माँग की है। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वहां प्रायश्चित करने जा रहे हैं, तो अच्छा है क्योंकि जिस इंसान को विवेक का अर्थ ही नहीं पता, वह क्या ध्यान लगाएगा। वहीं, तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो मीडिया को चेतावनी ही दे दी है कि यदि प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान करने हुए दिखाया गया तो वे स्वयं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराएंगी। कुलमिलाकर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल किसी भी प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान करने से रोकना चाहते हैं। किसी को ध्यान करने से न तो चुनाव आयोग रोक सकता है और न ही कोई अन्य। जिस संविधान को बचाने का प्रोपेगेंडा विपक्ष कर रहा है, वही संविधान मीडिया को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है। कहना होगा कि विपक्षी दलों ने 'ध्यान' पर आपत्ति करके अपना ही नुकसान कर लिया है।

कांग्रेस से लेकर तृणमूल कांग्रेस तक को प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान लगाने से आपत्ति है। यह समझना कठिन है कि मोदी के ध्यान लगाने से कांग्रेस एवं अन्य दलों को क्या आपत्ति है? अगर कांग्रेस को लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान लगाने से चुनाव प्रचार होता है और मतदाता आकर्षित होते हैं, तब कांग्रेस के नेताओं को ध्यान लगाने से किसने रोका है? जैसे प्रधानमंत्री मोदी की भाँति राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे रैलियां कर रहे हैं वैसे ही वे प्रधानमंत्री की तरह कहीं जाकर ध्यान क्यों नहीं करते? कांग्रेस इस प्रकार के मुद्दों पर आपत्ति उठाकर स्वयं ही अपना नुकसान करा लेती है। जब कांग्रेस ऐसे मुद्दों पर विरोध करती है, तब देशवासियों को लगता है कि उसे हिन्दू प्रतीकों से आपत्ति है। स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। वर्ष 1893 में विश्व धर्म सभा में शामिल होने से पहले दिसंबर 1892 में स्वामी विवेकानंद तमिलनाडु के कन्याकुमारी गए थे। यहां समुद्र में 500 मीटर दूर पानी के बीच में उन्हें एक विशाल शिला दिखी, जहां तक वे तैरकर पहुंचे और ध्यानमग्न हो गए। वे 25, 26 और 27 दिसंबर को लगातार तीन दिन ध्यान में रहे। यहीं उन्हें भारत माता की दिव्य अवधारणा की अनुभूति हुई थी। उसी अनुभूति के साथ उन्होंने समूची दुनिया को भारत की अवधारणा से परिचित कराया। प्रधानमंत्री मोदी भी उसी शिला पर ध्यान लगाने जाएंगे। स्वाभाविक ही मीडिया इस घटना का कवरेज करेगा और देश की जनता तक प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरें पहुँचेंगी।

## चीन के नेताओं को बुलाकर स्कूलों के बच्चों के हाथ में चीन का झंडा थमा कर उनका स्वागत करते रहे

# चीन का आक्रमण और कांग्रेस

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

देश की रक्षा करते हुए भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया। यह ठीक है कि सरदार पटेल ने बहुत पहले ही प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को बाकायदा एक चिठी लिखकर आगाह किया था कि चीन भारत पर हमला कर सकता है। तिब्बत के उस समय के शासक दलाई लामा भी जब महात्मा बुद्ध की पच्चीस सौंवी जयंती के अवसर पर भारत आए थे, तो चीन को लेकर परोक्ष रूप से सावधान कर गए थे।

**भारत** पर चीन ने 1962 में हमला किया था और लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश में भारत की बहुत सी जमीन पर कब्जा कर लिया था। देश की रक्षा करते हुए भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया। यह ठीक है कि सरदार पटेल ने बहुत पहले ही प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को बाकायदा एक चिठी लिखकर आगाह किया था कि चीन भारत पर हमला कर सकता है। तिब्बत के उस समय के शासक दलाई लामा भी जब महात्मा बुद्ध की पच्चीस सौंवी जयंती के अवसर पर भारत आए थे, तो चीन को लेकर परोक्ष रूप से सावधान कर गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उस समय के सरसंघचालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर ने भी चीन की नीयत पर शंका जाहिर की थी, लेकिन नेहरु, जो स्वयं को उन दिनों अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ मानते थे, इन सब चेतावनियों को नकारते हुए 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगाते रहे और चीन के नेताओं को बुलाकर स्कूलों के बच्चों के हाथ में चीन का झंडा थमा कर उनका स्वागत करते रहे। इस सबका परिणाम यह हुआ कि चीन ने 1962 में भारत पर हमला कर दिया और भारत को शिकस्त दी। सरकार ने बहुत ही होशियारी से शिकस्त की जिम्मेदारी भारतीय सेना के गले में बांधनी चाही तो जनता ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि भारत की सेना के शौर्य का प्रदर्शन तो द्वितीय विश्व युद्ध में दुनिया ने देखा था। यह सरकार की नीतियों की पराजय थी। उस समय भी चीन के इस हमले को लेकर भारत में विवाद शुरू हो गया था। उधर सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना युद्धरत थी, इधर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया में तो बाकायदा युद्ध ही छिड़ा हुआ था। कम्युनिस्ट पार्टी में यह युद्ध इस बात को लेकर हो रहा था कि हमला किसने किया? एक ग्रुप का कहना था कि चीन ने भारत पर हमला किया, लेकिन दूसरे ग्रुप का कहना था कि हमला भारत ने चीन पर किया। 'भारत ने चीन पर हमला किया' कहने वालों में ज्योति बसु (जो बाद में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने), नम्बूदरीपाद (जो बाद में केरल के मुख्यमंत्री बने) और पंजाब के हरकिशन सिंह सुरजीत (जो बाद में भारत पर अपनी पार्टी की सहायता से कांग्रेस की सरकार स्थापित करने में सारथी हुए) शामिल थे। इस ग्रुप ने सीपीएम के नाम से अपनी अलग पार्टी



बना ली थी। उधर चीन के हाथों मिली पराजय के बाद भी नेहरु ने चीन की तरफदारी करनी नहीं छोड़ी। संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन की शमूलियत और उसे वीटो पावर दिए जाने की वे अंत तक वकालत करते रहे। उन दिनों विश्व की जिस प्रकार की दो ध्रुवीय राजनीति चल रही थी, उसमें भारत को प्रस्ताव दिया गया था कि यदि वह चीन की पूंछ छोड़ दे, तो उसे सुरक्षा परिषद में स्थान दिया जा सकता है। लेकिन कांग्रेस की चीन के साथ उस समय भी क्या सांझेदारी थी, इसे आज तक कोई नहीं समझ सका। इसे काल की न्यारी गति ही कहना चाहिए कि कम्युनिस्ट पार्टी के जिस ग्रुप ने 'भारत ने चीन पर हमला किया है' कह कर सीपीएम गठित की थी, कालान्तर में उसके ही एक ग्रुप ने कहना शुरू किया 'चीन का चेयरमैन ही हमारा चेयरमैन' है। वे देश भर में यह नारा लगाते हुए घूमने लगे और उन्होंने सीपीएम (एमएस) के नाम से अपनी नई पार्टी बना ली। उधर कांग्रेस ने चीन के कब्जे में चली गई जमीन को छुड़ाने की रणनीति बनाने के स्थान पर फिर से दिल्ली में पंचशील को लेकर बाकायदा सेमिनार करने शुरू कर दिए। उस समय के बड़े कांग्रेस नेता और केन्द्रीय मंत्री नटवर सिंह, जिन्हें इस बात का बहुत अभिमान था कि वे चीनी भाषा चीनियों से भी बेहतर जानते हैं, पंचशील को जिंदा करने के लिए बीजिंग के चक्कर लगाने लगे। खैर भारत के लोग सब जानते हैं और यह भी जानते हैं कि चीन के सत्ताधारी किस प्रकार के हैं। उन्होंने 'चीन का चेयरमैन हमारा चेयरमैन' कहने वालों को भी हाशिए पर डाल दिया। 2014 में कांग्रेस को भी हाशिए पर धकेलने की प्रक्रिया शुरू हुई। 2024 तक आते-आते कांग्रेस का पतन तीव्र से तीव्र दिखाई देने लगा। लेकिन अब अंतिम समय में कांग्रेस ने एक बार फिर चीन का मामला उठाना शुरू किया है। सब जानते हैं कि भारत के विरोध में इस समय चीन और पाकिस्तान घी-शक्कर हैं। लेकिन जब भी कहीं भारत-पाकिस्तान या फिर भारत-चीन की भिड़ंत होती है तो कांग्रेस एकदम अपने बनावटी खोल से निकल कर अपने असली रंग में दिखाई देने लगती है। आतंकवादियों के अड्डों को खत्म करने के लिए जब भारतीय सेना ने बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो कांग्रेस ने एकदम से उसे गप्प करार दिया। उसने कहा, ऐसा हुआ ही नहीं, सेना सबूत दिखा दे। सेना की मुसीबत यह है कि उसे दुश्मन पर हमला कर भारत को सुरक्षित भी रखना होता है और उसके लिए कांग्रेस को सबूत भी दिखाना होता है। अब पाकिस्तान के नेता बाकायदा लिख कर प्रचार कर रहे हैं कि दिल्ली में राहुल गांधी की सरकार बननी चाहिए। क्या भारत में भी पाकिस्तान का कोई वोट बैंक है, जिसे पाकिस्तान संकेत दे रहा है? यही मामला चीन के मामले में हुआ। जब भारतीय सेना डोकलाम और गलवान में चीन की सेना से गुत्थमगुत्था हो रही थी, तब कांग्रेस के नेता और सोनिया गांधी के सुपुत्र राहुल गांधी दिल्ली स्थित चीनी दूतावास में चीनी अधिकारियों से छिप कर गुफ्तगू कर रहे थे। मीडिया की गिद्ध दृष्टि से पकड़े गए। पहले तो उन्होंने स्पष्ट इंकार ही कर दिया, लेकिन सबूत मिलने पर बगलें झांकने लगे और इधर-उधर की बेसिर-पैर की सफाई देने लगे। लेकिन देश के लोगों का शक गहराने लगा। इसलिए कागज-पत्तल की भी जांच की गई तो पता चला मामला कहीं और भी गहरा है। सोनिया गांधी परिवार के एक ट्रस्ट राजीव गांधी फाऊंडेशन को चीन से पैसा भी मिलता रहा है। जैसे-जैसे चुनाव में कांग्रेस के लिए करो या मरो जैसी हालत बन रही है, वैसे-वैसे कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए अपने तरकश का अंतिम हथियार भी इस्तेमाल कर लेना चाहती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने 1962 में भारत पर चीन द्वारा किए गए हमले को 'अलेज्ड अटैक' करार दिया है। इसका अर्थ है कि सचमुच हमला नहीं हुआ था, बल्कि लोक मानस में ऐसा कहा जा रहा है। यानी मामला यहां तक आ पहुंचा है कि चुनाव में चंद सीटें जीतने के लिए कांग्रेस चीन को 1962 के हमले के मामले में भी क्लीन चिट देने के लिए तैयार हो गई है।

दृष्टि कोण

# प्रदेश के स्परिंटर राष्ट्रीय खेल पटल पर

**ओलंपिक** खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। हां, यह सच भी है कि सौ मीटर की दौड़ का अपना ही रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा जाता है, मगर आजकल आठ सौ मीटर की दौड़ भी बहुत तेज दौड़ी जा रही है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड, इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की भी जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को आसानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध व उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एकमात्र उदाहरण है जो हिमाचल प्रदेश के लिए 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक



खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कोई भी एथलीट पदक नहीं जीत पाया है। पिछले सप्ताह हुए वरिष्ठ राष्ट्रीय फेडरेशन कप में हिमाचल प्रदेश के अंकेश चौधरी ने आठ सौ मीटर में स्वर्ण पदक जीता है। राष्ट्रीय स्तर पर पारस दौ सौ मीटर को 22 सैकिंड से नीचे 21.56 सैकिंड में दौडने वाला पहला हिमाचली हो गया है। इस उभरते एथलीट को नौकरी की बहुत जरूरत है। सरकार को इस समय सहायता करनी चाहिए, नहीं तो पलायन तय है। हिमाचल प्रदेश में पहली बार राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के धावक अशोक ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 1994 सुंदरनगर में पहली बार हिमाचल प्रदेश की धरती पर सौ मीटर की दौड़ को 11 सैकिंड से नीचे 10.9 सैकिंड में दौड़ कर वह तीव्रतम धावक बना था। उसके साथ हमीरपुर के राजेश ठाकुर ने भी 11 सैकिंड से नीचे दौड़ कर रजत पदक जीता था। 2012-13 में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के विद्यार्थी धावक रोहित चौहान ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अशोक ठाकुर के रिकॉर्ड को तोडक़र 10.83 सैकिंड का नया कीर्तिमान बनाया था। वर्ष 2019 में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के धावक पारस ने रोहित के रिकॉर्ड को तोड़ा है। हिमाचल प्रदेश पुरुष वर्ग का रिकॉर्ड 10.40 सैकिंड में हमीरपुर के धावक संदीप ने हिमाचल प्रदेश मिनी ओलंपिक 2017 में बनाया है। हिमाचल प्रदेश महिला वर्ग में हमीरपुर की पुष्पा ठाकुर ने पहली बार सौ मीटर दौड़ को 12 सैकिंड से नीचे हिमाचल प्रदेश मिनी ओलंपिक 2004 मंडी में 11.96 सैकिंड में दौड़ कर नया राज्य रिकॉर्ड बनाया था। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का रिकॉर्ड हमीरपुर की सोनिका शर्मा के नाम 12.23 सैकिंड अंकित है। हमीरपुर की ही रिशु ठाकुर ने राष्ट्रीय महिला खेलों की 100 मीटर दौड़ के फाइनल में पहुंच कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। 200 मीटर की दौड़ में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की धाविका प्रोमिला ने राष्ट्रीय महिला खेल रायपुर 2006 में 100 मीटर में रजत व 200 मीटर की दौड़ में हिमाचल के लिए कांस्य पदक जीता था।

कुछ अलग

# कला और कमर्शियल दोनों सिनेमाटोग्राफी में माहिर

**आपमें** से कुछ लोगों ने उस समय तक की एकमात्र संस्कृत फिल्म 'शंकराचार्य' (1983) देखी होगी। 'स्वाति तिरुनाल', 'अमरम' का नाम शायद नहीं सुना होगा, कोई बात नहीं। अक्सर हम बाहर की फिल्में देखते-सराहते हैं, देश की अन्य भाषा की फिल्में कदाचित देखते हैं लेकिन आपने संजय दत्त, उर्मिला मतोंडकर अभिनीत सिने-निर्देशक संजय छेल की 'खूबसूरत' देखी होगी। चार पुरस्कार प्राप्त मणिरत्नम की 'अंजलि' अवश्य देखी होगी। मुख्य रूप से तमिल में बनी यह फिल्म हिन्दी में भी डब हुई और खूब चली। इलई राजा के संगीत से सजी इस फिल्म ने एक समय सबका मन मोह लिया था। बाल कलाकार अंजलि (शामली) की अभिनय प्रतिभा के दर्शक-समीक्षक सब कायल हो गए थे। उसे इसके लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ था। बाल कलाकार से अभिनय करवा पाना और उसे कैमरे से पकड़ पाना सबके बस का नहीं है। सत्यजित राय इसमें पारंगत थे। इसके लिए विशेष कुशलता चाहिए होती है। शामली के अंजलि अभिनय करवाया है मणि रत्नम ने और इसको कैमरे में कैद किया है मधु अंबाट ने। उन्होंने अंजलि के रूप में बच्ची शामली की प्रत्येक भंगिमा को संभाल कर परदे पर प्रस्तुत किया है। मधु अंबाट मुख्य रूप से मलयालम एवं तमिल फिल्मों की फोटोग्राफी करते हैं। मगर उन्होंने कुछ हिन्दी फिल्मों की फोटोग्राफी भी की है। सई परांजपे की हिन्दी फिल्म 'दिशा' (इस नाम से कई बार अलग-अलग निर्देशकों ने फिल्म बनाई है) का कैमरा मधु ने पकड़ा हुआ था। दिशा फिल्म में शबाना आजमी, नाना पाटेकर, ओमपुरी तथा रघुवीर यादव आदि ने मुख्य भूमिकाएं की हैं। बारह साल से भुखरी में परसाराम (ओम पुरी) है कुंआ खोदते हुए 'पगला परसा' का खिताब पा गया है। उसकी पत्नी हंसा (शबाना आज़मी) बीड़ी फैक्टरी में काम करती, भाई सोमा सरपत (रघुवीर यादव) को कभीकदा खेतों में काम मिल जाता है। उनका पड़ोसी वसंत (नाना पाटेकर) का हाल में विवाह हुआ है। फिल्म मजदूरों के जीवन की कई परतें खोलती है। मधु ने गांव और शहर दोनों को समग्रता में परदे पर उतारा है। सोना उर्वशी की हिन्दी फिल्म 'चुपके से' (2003) तथा हिन्दी 'लज्जा' (नि. राजकुमार संतोषी) फिल्म की फोटोग्राफी मधु अंबाट की है, जिसमें चार स्त्रियां पितृसत्ता के खिलाफ संघर्ष करती हैं। माधुरी दीक्षित को इस फिल्म के लिए उस वर्ष का सर्वोत्तम सहायक अभिनेत्री का जी-सिने अवार्ड मिला था। हिन्दी के अलावा मधु ने कन्नडा और इंग्लिश ('प्रेइंग विद एंगर', 'प्रवोक्डः ए ट्रू स्टोरी', 'शूट ऑन साइट' तथा स्वामी विवेकानंद) फिल्म की सिनेमाटोग्राफी भी की है। 'प्रवोक्ड' एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म थी और वास्तविक स्त्री तब तक जीवित थी। सिनेमाटोग्राफर मधु अंबाट ने 'एन ओड टू लॉस्ट लव' का लेखन किया तथा 'सरिता' की कहानी और स्क्रीनप्ले भी लिखा है। मधु अंबाट का जन्म 6 मार्च 1950 को केरल में हुआ, वे विश्व प्रसिद्ध मैजिशियन प्रोफेसर भाग्यनाथ के बेटे हैं। मधु की छोटी बहन विधु बाला एक समय मलयालम की अभिनेत्री हुआ करती थी। मधु अंबाट ने वयोवृद्ध निर्देशक जी. वी. अय्यर के साथ काम किया है तो युवा मनोज 'नाइट' श्यामलान के साथ भी वे सहज हैं। अगर सक्रिप्ट तैयार है तो मधु काम प्रारंभ करने के पूर्व सक्रिप्ट देखना पसंद करते हैं, अन्यथा कथानक सुनते हैं। जब वे कहानी सुन रहे होते हैं तभी मानसिक रूप से विजुअल्स उनके दिमाग में बनने लगते हैं, साथ ही हर फिल्म के साथ वे अपनी शैली बदलते हैं।

देश दुनीया से

# कट्टरपंथ के खिलाफ एक नरम विकल्प खोजने की कोशिश

जलवायु परिवर्तन से पहले रावलपिंडी में गर्मी मई के अंत तक सहनीय होती थी और उसके बाद ही असल में गर्मियां शुरू होती थीं और शैक्षणिक संस्थानों को गर्मी की छुट्टी के लिए बंद कर दिया जाता था। लेकिन इस बार अप्रैल में लगातार बारिश और सर्द वसंत के बावजूद बढ़ते तापमान पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। राजधानी इस्लामाबाद के ऊपर और मुर्री पर्वत के नजदीक मरगल्ला हिल्स के वन क्षेत्रों में गर्मियों की शुरुआत में ही दो बार भीषण आग लग चुकी है। मेरे बगीचे पर नजर डालने पर पता चलता है कि पानी देने के बावजूद सब कुछ मुरझा रहा है।

**कई** दक्षिण एशिया में इस समय ऐसी गर्मी पड़ रही है, मानो लगता है कि हर चीज जल रही है। इस जलवायु परिवर्तन से पहले रावलपिंडी में गर्मी मई के अंत तक सहनीय होती थी और उसके बाद ही असल में गर्मियां शुरू होती थीं और शैक्षणिक संस्थानों को गर्मी की छुट्टी के लिए बंद कर दिया जाता था। लेकिन इस बार अप्रैल में लगातार बारिश और सर्द वसंत के बावजूद बढ़ते तापमान पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। राजधानी इस्लामाबाद के ऊपर और मुर्री पर्वत के नजदीक मरगल्ला हिल्स के वन क्षेत्रों में गर्मियों की शुरुआत में ही दो बार भीषण आग लग चुकी है। मेरे बगीचे पर नजर डालने पर पता चलता है कि पानी देने के बावजूद सब कुछ मुरझा रहा है। गुलाब जैसे ज्यादातर फूल खिलने से पहले ही सूख रहे हैं। यहां तक कि गर्मियों का फूल गार्डेनिया, (जो आकार में छोटे होते हैं), भी इस भीषण गर्मी को सहन नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान के दक्षिणी इलाकों, जैसे बलूचिस्तान में भयंकर सूखे के बावजूद गर्मी सहनीय है। यहीं पर हम बहुत से स्थानीय एवं विदेशी पर्यटकों को धार्मिक पर्यटन पर पहुंचते देखते हैं, क्योंकि हिंदू समुदाय के लोग हिंगलाज यात्रा के लिए आते हैं। यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि अनुष्ठान है, जिसमें हिंदू हमारे सूफी कवि अब्दुल लतीफ भिट्टाई के समय से भाग लेते रहे हैं, जिन्होंने अपनी कविता में इसका उल्लेख किया है। पाकिस्तान के वे इलाके, जहां अब भी हिंदू शांतिपूर्वक रहते हैं, वे हैं मीरपुर खास, बादिन, संघर, उमरकोट, हैदराबाद, घोटकी और कराची। कवयित्री फहमिदा रियाज कहती हैं कि इनमें ज्यादातर गरीब तबके के किसान-मजदूर हैं। दक्षिण एशिया में इतनी ज्यादा मजहबी असहिष्णुता के बीच यह वाकई सराहनीय है कि चुनौतियों के बावजूद पाकिस्तान के हिंदू समुदाय अब भी सिंध से लंबी सड़क यात्रा करके बलूचिस्तान के पहाड़ों तक पहुंचते हैं। हाल ही में कराची की मुस्लिम नारीवादी कवयित्री फहमिदा रियाज ने हिंगलाज की यात्रा की। वह कराची से आरसीडी राजमार्ग से होकर यात्रा कर रही थीं और उन्होंने बसों एवं अन्य वाहनों से पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को यात्रा करते हुए देखा। फहमिदा रियाज कहती हैं, 'वाहनों में बैठे लोगों के हाथों में लाल और भगवा झंडे थे और उनके बाजुओं पर लाल एवं पीली पट्टियां बंधी हुई थीं। झंडों और पट्टियों पर 'जय माता हिंगलाज' और 'जय माता शेरां वाली' लिखा था।' अब भारत के हिंदू समुदायों द्वारा यह आवाज उठाई जाने लगी है कि जिस तरह भारत और पाकिस्तान के बीच समझौते के कारण सिख समुदायों के लिए करतारपुर कॉरिडोर की स्थापना की गई है, ताकि वे अपने पवित्र स्थल की यात्रा कर सकें, उसी तरह हिंदू समुदायों को भी ऐसी ही सुविधा प्रदान की जाए, क्योंकि पूरे पाकिस्तान में ऐसे कई प्राचीन हिंदू तीर्थ स्थल हैं, जहां वे जाना चाहते हैं। इस बीच पाकिस्तान में एक अलग तरह का धार्मिक पर्यटन चल रहा है और वह भी पाकिस्तान की बौद्ध विरासत पर। मुझे याद है कि कुछ दशक पहले मैं पाकिस्तान के उत्तरी इलाके में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात घाटी की यात्रा पर गई थी। इस प्रांत में बौद्ध विरासत के कई पवित्र स्थल हैं, जिनमें पहाड़ों में उकेरी गई भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं भी हैं। स्वात घाटी में स्थित प्रतिमा बहुत ऊंची नहीं थी, इसलिए मैं उस पर चढ़कर मूर्ति की गोद में बैठकर फोटो खिंचवा पाई थी। इस हफ्ते पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 'गांधार से विश्व तक' शीर्षक से एक परिसंवाद एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया था, जो दुनिया के समक्ष मौजूद कट्टरपंथ, जो शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है, के खिलाफ एक नरम विकल्प खोजने की कोशिश थी। परिसंवाद का उद्देश्य यह संदेश देना था कि



दुनिया भर के लोगों को जोड़ने के लिए कई कारक हैं और बौद्ध विरासत उनमें से एक है। यह पाकिस्तान आकर बौद्ध विरासत के प्राचीन चिह्नों को देखने का एक धार्मिक पर्यटन मात्र नहीं है, बल्कि कई गैर-बौद्ध भी यहां आते हैं, क्योंकि भगवान बुद्ध का शांति का संदेश पर्यटकों को आकर्षित करता है। खैबर पख्तूनख्वा में प्राचीन गांधार सभ्यता के चिह्न आधुनिक तक्षशिला, पेशावर, चारसद्दा और स्वात में हैं। यह देखना दिलचस्प था कि विदेश मंत्रालय, जो आम तौर पर मुल्क की विदेश नीति को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने में व्यस्त रहता है, ने पूरी तरह से अलग तरह के पर्यटकों को आमंत्रित किया था। परिसंवाद आयोजित करने के पीछे वैशाख पूर्णिमा का उत्सव मनाने का विचार था, जो भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण का दिवस है। मुख्य अतिथि श्रीलंका के विदुर विक्रमनायक थे, जो वहां के धार्मिक और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री हैं।

आप का नजरीया

# घटेगा मजदूरों का 'तापमान'

**तमाम** सीमाएं लांघते तापमान का सरोकार सिर्फ गरम मौसम से ही नहीं है, बल्कि उसके कई मानवीय और कामगार आयाम भी हैं। राजधानी दिल्ली का पारा अभूतपूर्व रूप से 52.9 डिग्री सेल्सियस तक उछल गया और राजस्थान के कई मरुस्थली इलाकों में 55 डिग्री को भी लांघ गया, तो मौसम विभाग के सेंसर और डाटा पर संदेह और सवाल किए जाने लगे। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजीजू ने अचानक बयान दिया कि यह तापमान का अधिकृत आंकड़ा नहीं है। दिल्ली में इतना तापमान हो ही नहीं सकता, लिहाजा अब सेंसर की जांच जारी है। शायद लीपापोती वाला कोई कारण बताया जाए! बहरहाल तापमान की डिग्री को हम एक तरफ सरका भी दें, तो बिहार के स्कूलों में 300 छात्र अचानक बेहोश क्यों हो गए? शिक्षक और पूर्व सांसद तक अचेत हो गए। सभी को अस्पताल ले जाने की नौबत क्यों आई? अंततः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सभी स्कूल बंद करने का आदेश देना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को कवर करता हुआ एक टीवी पत्रकार भी बेहोश हो गया। यह दीगर है कि प्रधानमंत्री ने तुरंत अपनी टीम के लोगों को उसकी मदद करने को कहा। तमतमाती गर्मी और भीषण लू का प्रभाव तो है। राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को आदेश जारी करना पड़ा कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मजदूर और अन्य कामगार निर्माण-स्थलों पर काम नहीं करेंगे। कोई भी नियोक्ता या ठेकेदार उनके मेहनताने में कटौती नहीं करेगा। निर्माण-स्थलों के आसपास शीतल पेयजल की पर्याप्त और निरंतर व्यवस्था की जानी चाहिए। उपराज्यपाल का यह आदेश फिलहाल तब तक प्रभावी रहेगा, जब तक मौसम का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे न आ जाए। कामगारों का यह मुद्दा प्रत्यक्ष तौर पर देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। भारत में कुल 58 करोड़ से अधिक कामगार हैं। इसे देश का 'श्रम बल' कह सकते हैं। उनमें से 26 करोड़ से अधिक कामगार, भयानक गर्मी में भी, आसमान से बरसती आग में भी, काम करने को विवश हैं। विश्व बैंक सरीखे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की विश्लेषणात्मक रपटें हैं कि 2030 तक इन कामगारों की उत्पादकता, काम करने की क्षमता, कम हो सकती है। उनका 'तापमान' 6-10 फीसदी 'ठंडा' हो सकता है। उत्पादकता कम होगी, तो काम भी कम होगा, निर्माण-कार्य, खुदाई आदि कम होंगे, लिहाजा व्यापक संदर्भों में देश की अर्थव्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ेंगे। इसके अलावा घर, परिवार, शरीर, कमाई और अंततः जीवन पर गंभीर और घातक प्रभाव पड़ेंगे। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि 50 डिग्री या उससे अधिक तापमान के लिए न तो हम मानसिक तौर पर तैयार हैं और न ही देश में आधारभूत ढांचा उपलब्ध है। बिजली का उत्पादन भी इतना नहीं है कि लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कर सकें। हमारी जीवन-शैली भी ऐसी नहीं है। सरकार की नीतिगत ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि हम 50 डिग्री या उससे ज्यादा तापमान के हालात से लड़ सकें। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत की स्थिति अरब देशों के मरुस्थल से भी बदतर हो गई है। हालांकि दुबई में फिलहाल तापमान 39 डिग्री सेल्सियस है।

# एक बार फिर प्रचंड बहुमत वाली मोदी सरकार बननी तय : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की जनता जनार्दन के प्रबल समर्थन और आशीर्वाद से 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के अलग-अलग चरणों में हुए मतदान का फैसला आएगा, तो एक बार फिर प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार बननी तय है। जनता ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी को भरपूर आशीर्वाद दिया है। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार सुबह मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण का चुनाव आज देश के 8 राज्यों की 57 सीटों पर हो रहा है। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश की 13 सीटों महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बांसगांव, सलेमपुर, बलिया, घोसी, रॉबर्ट्सगंज, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली व मिर्जापुर पर भी आज वोट डालें जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई महीने से अधिक समय से जो देश के अंदर आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों ने जनता जनार्दन के सामने अपने-अपने मुद्दे रखे। अपनी सरकारों के समय के कार्य और कारनामों को रखा। देश के अंदर नई सरकार का गठन करने के लिए मतदाताओं ने सभी राजनीतिक दलों के शासनकाल और कुछ दलों की पूर्व सरकारों के कारनामों का अवलोकन करते हुए उनका मूल्यांकन किया है। देश के अंदर जो समर्थन मिला है उसको ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि 4 जून को जब जनता जनार्दन का फैसला आएगा तो देश के अंदर आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, विरासत भी-विकास भी, गरीबों के प्रति संवेदना भी और युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए जिन लोगों ने, जिन पार्टियों ने, जिन सरकारों ने काम किया है, उनको जनता का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। जनता को यह सुखद अनुभूति होगी देश में मोदी जी एक बार फिर से प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे और उत्तर प्रदेश इसमें अपनी भूमिका का पूरी मजबूती से निर्वहन करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोगों ने 10 वर्षों में बदलते हुए भारत को तथा पिछले 7 वर्षों में डबल इंजन की सरकार में नए उत्तर प्रदेश का दर्शन किया है। यहां युवाओं के लिए, किसानों के लिए, व्यापारियों के लिए, महिलाओं के लिए और समाज के हर तबके के लिए सुरक्षा, सम्मान और विकास की भावना से जो कार्य मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है, उससे जनता का आशीर्वाद मोदी जी को भारतीय जनता पार्टी को पूरे प्रदेश के अंदर देश के अंदर प्राप्त हुआ है और हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद मतदाताओं के उत्साह के लिए हृदय से उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस समय तापमान 50 डिग्री का आसपास जा रहा है। इसके बावजूद मतदान के लिए जनता का उत्साह कम नही रहा। बल्कि जनता ने और आगे बढ़कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान दिया है। सीएम ने कहा कि 50 डिग्री का टेंपरेचर कभी यहां लोगों ने नहीं देखा। प्रकृति परीक्षा ले रही है। प्रकृति की इस परीक्षा में हम सबको खरा उतरना होगा। जनता जनार्दन को अपने आप को साबित करना होगा कि अग्नि परीक्षा के इस दौर में हम लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि आज सातवें चरण के मतदान के दिन प्रात: काल मौसम बहुत सुहावना हो गया है। मतदाताओं से अपील है कि सुहावने मौसम का आनंद लेकर मतदान करें। सीएम ने कहा कि जाति, मत महजब से ऊपर उठकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए, आगामी तीन वर्षों में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए, सभी नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए जनता जनार्दन का आशीर्वाद मोदी जी और भाजपा को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की इस महापुर में आदि आबादी का शत प्रतिशत आशीर्वाद मोदी जी को मिल रहा है इसके लिए कारण गिनाते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने शक्ति वंदन अधिनियम, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना आदि योजनाओं से नारी सशक्तिकरण को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने युवा मतदाताओं से कहा उन्हें अपने उज्जवल भविष्य के लिए मोदी जी की संकल्पना से जुड़कर बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर युक्त नए भारत, दुनिया में सम्मान प्राप्त कर रहे नए भारत को आगे बढ़ाने के अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो दल, जो लोग अपनी हार से पस्त होकर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके बहकावे में नहीं आना चाहिए। आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य में ही हम सबका भविष्य उज्जवल है और युवाओं को भी इसी लक्ष्य के प्रति मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने सिर्फ चार जातियों को माना है, युवा, गरीब, महिला व किसान। इनके लिए उन्होंने जो कार्य किए हैं, उसके लिए जनता पूरा आशीर्वाद दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आध्यात्मिक-राष्ट्र साधना पर विपक्षी दलों के नेताओं की तरफ से दिए जा रहे बयानों पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी।

## लोस चुनाव : उप्र की 13 सीटों पर पांच बजे तक 54.00 प्रतिशत मतदान हुआ



**लखनऊ ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में आज शनिवार को उप्र की 13 सीटों पर शाम पांच बजे तक 54.00 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक मतदान महाराजगंज 58.66 प्रतिशत हुआ है जबकि सबसे कम बांसगांव (सुरक्षित) सीट पर 52.06 प्रतिशत मत पड़े हैं। मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की लाइनें लगी हैं और शांतिपूर्ण मतदान जारी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक सातवें चरण में उप्र की जिन 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो रहे हैं, उन सीटों पर पांच बजे तक महाराजगंज में 58.66 प्रतिशत, गोरखपुर 52.53 प्रतिशत, कुशीनगर 56.04 प्रतिशत, देवरिया 54.13 प्रतिशत, बांसगांव (सुरक्षित) 50.06 प्रतिशत, घोसी 53.19 प्रतिशत, सलेमपुर 50.21 प्रतिशत, बलिया 50.56 प्रतिशत, गाजीपुर 53.53 प्रतिशत, चंदौली 58.19 प्रतिशत, वाराणसी 54.58 प्रतिशत, मीरजापुर 55.83 प्रतिशत और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) में 54.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदेय स्थलों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतार लगी हुई है। सभी सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदाता शाम छह बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सातवें और आखिरी चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष एवं 10 महिला प्रत्याशी हैं। सातवें चरण में सबसे अधिक 28 उम्मीदवार घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 07 प्रत्याशी देवरिया एवं वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 02 करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 144 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

## राज्यपाल ने पटना और सीएम नीतीश ने बख्तियारपुर में किया मतदान

**पटना ( हिंस )।** बिहार की आठ सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान हो रहा है। आज अंतिम चरण के मतदान में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने पटना में राजभवन के पास स्थित बूथ पर मतदान किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पैतृक आवास बख्तियारपुर के मंजू सिन्हा प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में बूथ संख्या 36 पर मतदान किया। दूसरी ओर, नालंदा विधानसभा क्षेत्र के राणा विगहा गांव में बूथ संख्या 162 पर लगभग 2.30 घंटे तक ईवीएम खराब रही। हालांकि, बाद में इसे सुधार लिया गया। बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शेरपुर में बूथ संख्या-99 पर 1130 वोट हैं लेकिन सुबह से अबतक एक वोट ही पोल हुआ है। ग्रामीणों ने पुल के मांग को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। पाटलिपुत्रा लोकसभा क्षेत्र के मसौढ़ी स्थित सरपरसा गांव के बूथ संख्या-267 पर लोगों ने वोट का बहिष्कार कर दिया है। रोड, स्कूल, पुल नहीं होने के कारण 700 से अधिक लोगों ने बहिष्कार कर दिया। सिटी पुलिस अधीक्षक (एसपी) पूर्वी भरत सोनी समेत अन्य कई पदाधिकारी लोगों को समझाने में लगे हैं। उल्लेखनीय है कि आखिरी चरण में पटना की दो लोकसभा सीटों समेत आरा, नालंदा, जहानाबाद, काराकाट, सासाराम, और बक्सर की सीटों पर मतदान




हो रहा है। यहां से कुल 134 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें मात्र 12 महिला उम्मीदवार हैं। इस चरण में कई वीवीआईपी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें केंद्रीय मंत्री आरके सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव और उपेंद्र कुशवाहा जैसे दिग्गज शामिल हैं। इनके अलावा लालू प्रसाद यादव की सबसे बड़ी बेटी और राज्यसभा सदस्य मीसा भारती अपनी पहली जीत के लिए तीसरी बार पाटलिपुत्र से संघर्ष कर रही हैं। भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह पहली बार काराकाट से चुनाव मैदान में हैं।

## एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होंगे इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता

**जयपुर ( हिंस )।** इंडिया गठबंधन द्वारा एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होने का निर्णय किया गया है, जिसकी अनुपालना में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया पैनल लिस्ट एग्जिट पोल की डिबेट में शामिल रहेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा एक से तीन जून के बीच एग्जिट पोल को लेकर होने वाली किसी भी डिबेट में भाग नहीं लेने का निर्णय किया था। लेकिन, भाजपा के झूठ को बेनकाब करने के लिए अब इंडिया गठबंधन द्वारा एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होने का निर्णय किया गया है, जिसकी अनुपालना में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया पैनलिस्ट एग्जिट पोल की डिबेट में शामिल रहेंगे।

## मीडिया इंटेलिजेंस रिपोर्ट ने तीसरी बार मोदी सरकार बनने की संभावना व्यक्त की

**सहरसा ( हिंस )।** देश में 19 अप्रैल से सात चरणों में चल रहा लोकसभा चुनाव शनिवार को 57 सीटों पर मतदान के साथ चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव के बाद सभी राजनीतिक दल एवं मतदाता एग्जिट पोल की तरफ ही ध्यान लगाए हुए हैं शाम 6 बजते ही सभी एग्जिट पोल एजेंसी राजनीतिक दलों के जीत या हार के दावे पेश किया जा रहा है। प्राय देखा गया कि मतदाताओं में अंतिम रिजल्ट जानने की काफी उत्सुकता रहती है। उतनी ही जिज्ञासा एग्जिट पोल को लेकर भी दिखाई देती है। 17वीं लोकसभा के लिए भी हुए चुनाव के परिणाम घोषित हुए थे। जिसमें एग्जिट पोल के अनुमान करीब करीब सही साबित हुए और भाजपा लगातार दूसरी बार खुद के दम पर सत्ता में वापस आई। उसी प्रकार 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव परिणाम 4 जून को घोषित किया जाएगा। चुनाव नतीजे के बाद ही एग्जिट पोल के सत्यता उजागर होगी। इस संबंध में मीडिया इंटेलिजेंस रिपोर्ट के सीईओ बसंत झा ने बताया कि लगातार तीसरी बार भी मोदी सरकार अवश्य बनेगी। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में




भाजपा को 282 से 310 सीट मिलने के अनुमान लगाया गया है। जो पूर्ण बहुमत प्राप्त कर सरकार बनाएंगे। वही कांग्रेस को 48 से 79 सीट मिलने की संभावना है। झा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में 68 से 71 सीट मिलने का अनुमान है। वही बिहार में एनडीए को 34 से 37 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में 18 से 20 सीट कर्नाटक में 19 से 20 सीट जीतने की प्रबल संभावना है। जबकि दिल्ली की सभी सात सीट पर भाजपा के ही जीतने के कयास लगाए गए है। श्री झा ने बताया कि बिहार के मधेपुरा सीट पर एनडीए प्रत्याशी दिनेशचंद्र यादव की विजय सुनिश्चित है। जबकि अमेठी चुनाव में स्मृति ईरानी की हार भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कोई भी एग्जिट पोल या सर्वेक्षण जारी नहीं किया जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि एग्जिट पोल के नतीजे चुनाव नतीजे को प्रभावित कर सकता है। इसलिए अंतिम चरण के मतदान के बाद शाम को वोटिंग खत्म होने के आधा घंटा बाद ही विभिन्न एजेंसियां द्वारा एक्जिट पोल जारी किया गया है। दरअसल एग्जिट पोल मतदाताओं के साथ किया जाने वाला सर्वेक्षण है। जो भी निर्वाचन के दौरान मतदान केंद्र से बाहर निकलते हैं। इसमें मतदान करके बाहर निकले वोटरों से पूछा जाता है।

## रविशंकर और लालू ने सपरिवार मताधिकार का किया प्रयोग

**पटना ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में बिहार की आठ संसदीय सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान चल रहा है। इनमें नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक इन सीटों पर पूर्वाह्न 11 बजे तक औसत 16 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इस दौरान लालू यादव, रविशंकर प्रसाद, मीसा भारती, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव ने वोट डाले। पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंक प्रसाद ने पत्नी के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। इनके अलावा बिहार विधानपरिषद के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने भी मतदान किया और लोगों से वोट डालने की अपील की। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, उनकी मां राबड़ी देवी, बड़ी बहन और पाटलीपुत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती और पिता लालू यादव ने वोट डाले। सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पर कई दिग्गजों की साख दांव पर है। नालंदा से जदयू के मौजूदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, पटना साहिब से भाजपा के मौजूदा सांसद रविशंकर प्रसाद,



पटना की दूसरी सीट पाटलिपुत्र से भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव, आरा संसदीय सीट से भाजपा सांसद आर के सिंह, काराकाट सीट पर राजग के साझा उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। नालंदा संसदीय सीट पर जदयू के कौशलेंद्र कुमार का महागठबंधन के संदीप सौरभ, पटना साहिब सीट पर भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत, पाटलिपुत्र सीट पर भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव और लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती, आरा में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह और महागठबंधन के सुदामा प्रसाद के बीच सीधी टक्कर है। बक्सर संसदीय सीट पर राजग के मिथिलेश तिवारी और राजद के सुधाकर सिंह, सासाराम सीट पर राजग के शिवेश राम और महागठबंधन के मनोज कुमार भारती के बीच मुकाबला है जबकि काराकाट सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। काराकाट सीट से राजग के उपेंद्र कुशवाहा, निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे भोजपुरी स्टार पवन सिंह और महागठबंधन के राजा राम सिंह के बीच कड़ी टक्कर है। जहानाबाद सीट से जेडीयू के मौजूदा सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और राजद के सुरेंद्र यादव के अलावा पूर्व सांसद अरुण कुमार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। उल्लेखनीय है कि देश के आठ राज्यों की कुल 57 सीटों पर लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग हो रही है। देशभर में कुल 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं। सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और चंडीगढ़ की सीट पर वोटिंग जारी है।

## देश की जनता भाजपा को प्रचंड बहुमत से बना रही विजयी : शेखावत

**जयपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और देश को विकसित भारत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने जा रही है। शनिवार शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि जब चुनाव



प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब ही हम आश्वस्त थे कि नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण से लेकर देश का सम्मान बढ़ाने तक पिछले 10 साल तक जो काम किया है, उससे जनता का भाजपा को प्रचंड समर्थन मिलेगा। इसी काम की बदौलत जनता ने भाजपा के नेताओं को अबकी बार 400 पार का नारा दिया और अब वही संकल्प पूरा होने जा रहा है। राजस्थान को लेकर शेखावत ने कहा कि यहां भी भाजपा सभी सीटें जीतने की हैट्रिक मारने जा रही है। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से राहुल पर निशाना साधते हुए कहा, जब देश में पांचवें चरण का चुनाव होने वाला था, उस समय एक नरेटिव आया था कि एक तारीख को क्या होगा? दो तारीख को क्या होगा? चार तारीख को क्या होगा? छह तारीख को क्या होगा? उसमें यह तय किया था कि वह एक तारीख को एग्जिट पोल से भागेंगे, चार तारीख को नतीजे आएंगे, पांच को ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे और छह को देश की जनता को दोष देंगे और सात को विदेश घूमने जाएंगे, यह तय है, उसी फार्मूले से काम होगा।

## पिकअप ने छह लोगों को कुचला, चार की मौत

**बदायूं ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश में बदायूं जनपद के बिसौली कोतवाली क्षेत्र में शनिवार दोपहर को एक बेकाबू पिकअप वाहन ने छह लोगों को कुचल दिया। हादसे में चार लोगों की जान चली गयी और दो लोग घायल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए। पुलिस के मुताबिक, पैगा भीकमपुर गांव के सड़क किनारे पीपल पेड़ के नीचे गांव के ही रामप्रकाश, धनपाल, नेत्रपाल, रामवीर, ज्ञानचंद, ब्रह्मपाल शनिवार दोपहर को आराम कर रहे थे। इसी दौरान आंवला की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पेड़ के नीचे बैठे सभी लोगों को कुचल दिया। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया।

## *घुसपैठियो को देखते ही गोली मार दी जाएगी* लिखना उचित नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज ( हिंस )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वायु कमान मनौरी की लोहे की बाढ़ में घुसने पर सुरक्षा खतरे को देखते हुए गिरफ्तार नेपाली नागरिक इटवीर लिंबु की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने दिया है। नेपाली युवक पर आरोप था कि वह वायु सेवा के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गया था। जमानत की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रतिबंधित क्षेत्र में *अतिचारी को देखते हुए गोली मारी जाएगी* बोर्ड पर ऐसा लिखे होने को उचित नहीं माना और केंद्र सरकार के अधिवक्ता से इस प्रकार शब्द लिखने के नियम व गाइडलाइंस की जानकारी मांगी थी। भारत सरकार की तरफ से हलफनामा दाखिल कर बताया गया कि अब अतिचारी को अभियोजित किया जाएगा, ऐसा लिखा जाएगा। साथ ही फोटोग्राफी प्रतिबंधित भी लिखा जाएगा। कोर्ट ने कहा आबादी के बीच पब्लिक प्लेस पर देखते ही गोली मारी जाएगी, लिखना उचित नहीं है। केंद्र सरकार सावधानी बरते, क्योंकि आबादी के बीच बच्चों के स्कूल होते हैं। बच्चे आते-जाते रहते हैं। इस प्रकार के लिखित शब्दों से उनके मस्तिष्क पर असर पड़ता है। अतिचारी नेपाली के खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। वह 24 फरवरी से जेल में हैं। जिसे रिहा करने का आदेश दिया गया है। याची का कहना था कि वह अनपढ़ गरीब नेपाली नागरिक है। नशे की हालत में उसने ऐसी हरकत की। उसकी बुरी मंशा नहीं थी। जानकारी के अभाव में वह घुसा था। पकड़े जाने पर हिंदी न जानने के कारण अपनी सफाई नहीं समझा सका।

### इंसान और जानवर का अनूठा रिश्ता

## कुत्ते की याद में हाथों में बनवाया टैटू

**भागलपुर ( हिंस )।** इंसान और जानवर का रिश्ता काफी पुराना है। भागलपुर के मोहद्दीनगर में कुछ ऐसा ही मामला देखने को मिला है। इस इलाके के रहने वाले रत्नेश कुमार एवं उनकी पुत्री तमन्ना ने अपने पालतू कुत्ते की मौत के बाद उसे इंसानों की तरह न सिर्फ अंतिम विदाई दी बल्कि पूरे विधि विधान से उसकी आत्मा की शांति के लिए घर पर पूजा पाठ भी कराया। रत्नेश ने बताया कि उन्हें अपने कुत्ते से बहुत लगाव था। वह उनके परिवार के ही सदस्य की तरह था। उनके पालतू कुत्ता का नाम फुशी था। वह जब तक जीवित रहा उसने पूरे वफादारी से उनके साथ निभाया। जब फुशी की मौत हुई तब घर में मातम छा गया। फुशी का मौत से पूरे परिवार सदमा में हैं। अब रत्नेश को सड़क पर घूम रहे आवारा कुत्ता से गहरा लगाव हो गया है। जब भी रत्नेश घर से निकलता है तो 20 25 कुत्ते का झुंड रत्नेश के पीछे पड़ जाता है। उसके बाद रत्नेश सभी कुत्ते को बिस्कुट खिलाता है और सभी कुत्ते को अपने घर ले आता है। रत्नेश की पुत्री तमन्ना जो कि हरियाणा के सोनीपत में फैशन डिजाइनर है। उसे तो फुशी से इतना लगाव हो गया था कि फुशी के मौत के बाद तमन्ना ने अपने हाथ



पर फुशी के चित्र की टैटू भी बनवा रखी है। तमन्ना ने कहा कि फूशी के मौत का कारण बीमारी रहा। जब हमें पापा से पता चला कि फुशी का तबीयत ज्यादा बिगड़ गया है तो आनन फानन में हरियाणा से भागलपुर पहुंची। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए फुशी को ट्रेन से पटना लेकर गई और पटना में इलाज कराया। काफी खर्च करने के बाद भी फुशी हमारे बीच नहीं रहा। हम अपने पापा से भी ज्यादा प्यार फुशी से करते थे इसलिए हर साल फुशी का जन्मदिन पर घर आते थे और शहर के बड़े-बड़े होटलों में फुशी का जन्मदिन मनाते थे। अब फुशी का जगह कोई दूसरा नहीं ले सकता है।

## तेल के पीपो से भरे ट्रक में लगी, लाखों का हुआ नुकसान

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** शाहपुरा जिला मुख्यालय पर पुलिस थाने से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर जिला कलेक्टर शाहपुरा के निवास स्थान के ठीक बाहर शुक्रवार देर रात तेल के पीपों से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई, जिससे पूरा ट्रक और तेल के पीपे जलकर राख हो गए। हादसे के कारण लगभग तीन घंटे तक जाम रहा। हादसे के दौरान ट्रक में से चालक और उसके सहयोगी को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में मशक्कत पर जाम को खुलवाया जा सका। पुलिस उपाधीक्षक रमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि ट्रक चालक बालमुकुंद मीणा व सहयोगी लेखराज मीणा निवासी उगाना खेड़ा थाना केकडी ट्रक के अंदर सरसों के तेल के पीपे भरकर उदयपुर जा रहे थे। अलसुबह पुलिस थाने के पास रात्रि गश्त कर रहे एएसआई पितांबर सिंह को ट्रक के पीछे वाले टायर में पंक्चर हो रहा था और आग की चिंगारियां निकल रही थी। एएसआई ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया लेकिन ड्राइवर ट्रक को भगाकर ले गया। कलेक्टर निवास के सामने पहुंचते ही ट्रक में आग लग गई। सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक रमेश तिवाड़ी, शाहपुरा थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे और ट्रक ड्राइवर व सहयोगी को सुरक्षित बाहर निकाला। शाहपुरा, जहाजपुर एवं हिंदुस्तान जिंक से फ़ायर बिग्रेड की गाड़ियां मंगवाकर आग पर काबू पाया गया। आग लगने से ट्रक व सरसों के तेल के पीपे जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। पुलिस का मानना है कि तेज गर्मी होने के साथ ही ट्रक का पहिया पंचर हो गया जिसके बाद टायर गर्म होने के कारण आग की चिंगारियां उत्पन्न हुई और ट्रक में आग लग गई। आग विकराल होने के कारण ट्रक व ट्रक में रखे सरसों के तेल के पीपे जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि ड्राइवर व परिचालक को पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, वरना जनहानि हो सकती थी।




# अदाणी पोर्ट्स ने तंजानिया में रखे कदम, दार-एस-सलाम बंदरगाह के लिए 30 साल के समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।**
अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बताया गया है कि एआईपीएच ने तंजानिया बंदरगाह प्राधिकरण के साथ 30 साल के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत एआईपीएच अगले 30 वर्षों तक तंजानिया के दार-एस-सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल-2 के परिचालन और प्रबंधन करेगी।

बता दें कि दार-एस-सलाम एक ऐसा बंदरगाह है जो सड़क और रेलवे के एक अच्छे नेटवर्क से भी जुड़ा हुआ है। इस समझौते के साथ ही अदाणी पोर्ट्स ने तंजानिया में भी कदम रख लिया है।

## एपीएसईजेड ने क्या कहा

एपीएसईजेड ने कहा है कि अदाणी पोर्ट्स के नेतृत्व वाला समूह तंजानिया में एक परियोजना कंपनी का अधिग्रहण करेगा। 3.95 करोड़ डॉलर में कंपनी का अधिग्रहण किया जाएगा। आगे बताया गया है कि ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईएजीएल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में शामिल किया गया है। इसमें एपीएसईजेड मुख्य शेयरधारक होगा।

## समझौते की खास बातें

एपीएसईजेड के बयान के अनुसार ईएजीएल ने तंजानिया इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल सर्विसेज लिमिटेड (टीआईसीटीएस) में 95 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए हचिसन पोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और हार्बर्स इन्वेस्टमेंट लिमिटेड से 3.95 करोड़ डॉलर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा कि दार-एस-सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल-2 के लिए समझौते पर हस्ताक्षर बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा 'अब हम अपने बंदरगाहों और पूर्वी अफ्रीका के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने में सक्षम होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### नई जनरेशन के लिए भारत में लॉन्च हुई हीरो स्पिलेंडर+एक्सटीईसी 2.0, बाइक की एक्स-शोरूम प्राइज 82,911 रुपए



**नई दिल्ली ।** कंपनी देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक स्पिलेंडर की 30वीं वर्षगांठ मना रही है। कंपनी ने हीरो स्पिलेंडर+एक्सटीईसी 2.0 को भारत में लॉन्च कर दी है। इस बाइक की कीमत 82,911 रुपए एक्स-शोरूम है। यह बाइक तीन डुअल-टोन कलर-मैट ग्रे, ग्लॉस ब्लैक और ग्लॉस रेड में बाजार में उतारी है। स्पिलेंडर+एक्सटीईसी 2.0 में हाई-इंटेंसिटी पोजिशन लैंप (एचआईपीएल) के साथ नया एलईडी हेडलैंप और नया एच-आकार का सिग्नेचर टेललाइट बाइक में दिया गया है, जो एक अलग लुक देता है। इस मॉडल में पहले की तरह ही सिल्हूट लगा है। नई जनरेशन के लिए स्पिलेंडर में इको-इंडिकेटर के साथ डिजिटल स्पीडोमीटर भी दिया गया है। नए इंस्ट्रूमेंट कंसोल में रियल-टाइम माइलेज इंडिकेटर (आरटीएमआई) के साथ-साथ कॉल, एसएमएस और बैटरी अलर्ट के लिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी भी दी है। बेहतर सुरक्षा के लिए बाइक में हैजर्ड लाइट लगाई गई है। कंपनी ने यूएसपी चार्जिंग, लंबी सीट और हिंज-टाइप डिजाइन वाला बड़ा ग्लवबॉक्स लगाया है। इसमें एक नया डुअल-टोन पेंट स्कीम भी मिलती है। स्पिलेंडर+एक्सटीईसी 2.0 में 100सीसी इंजन लगा है, जो 7.9 बीएचपी की पावर और 8.05 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। ये पावरट्रेन आइडल स्टॉप स्टार्ट सिस्टम (आई3एस) के साथ आता है, जो 73 किमीपीएल की क्लेम्ड फ्यूल एफिशियंशी प्रदान करता है।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 6.2 फीसदी, प्राकृतिक गैस और बिजली उत्पादन बेहतर होने से बढ़ी



**नई दिल्ली ।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल, 2024 में बढ़कर 6.2 फीसदी पहुंच गई। मार्च में इन उद्योगों की वृद्धि दर 6 फीसदी और अप्रैल, 2023 में 4.6 फीसदी दर्ज की गईथी। जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर बढ़ी है।आंकड़ों से पता चलता है कि प्राकृतिक गैस की वृद्धि दर अप्रैल में 8.6 फीसदी रही।एक साल पहले की समान अवधि में यह 6.1 फीसदी रही थी। रिफाइनरी उत्पादों की वृद्धि दर 3.6 फीसदी से बढ़कर 3.9 फीसदी पहुंच गई। इस दौरान बिजली क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 9.4 फीसदी पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में क्षेत्र की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रही थी।हालांकि, कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 फीसदी रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 9.1 फीसदी थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 फीसदी से घटकर 7.1 फीसदी पर आ गई।सीमेंट उद्योग की वृद्धि दर साल भर पहले के 12.4 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी के स्तर पर आगई। सीमेंट क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि दर भी एक साल पहले के 9 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी रह गई।

### एक्सयूवी 3एक्सओ की 2500 गाड़ियां बेच कर महिंद्रा ने बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ एसयूपी का क्रेज नई पीढ़ी के सिर चढ़कर बोल रहा है। कंपनी ने पूरे भारत में इसकी डिलिवेरी शुरू कर दी है। कंपनी के मुताबिक दो दिनों में 2500 गाड़ियां ग्राहकों तक पहुंच चुकी हैं। महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ की पहले एक घंटे में ही 50,000 से ज्यादा बुकिंग मिल गईं थी। ग्राहक इस गाड़ी को कंपनी की वेबसाइट या महिंद्रा डीलरशिप पर जाकर बुक कर सकते हैं। महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ एमएक्स1,एमएक्स2, एमएक्स3, एमएक्स2प्रो, एमएक्स3प्रो, एएक्स5 एएक्स5, एएक्स5एल, एएक्स7 और एएक्स7एल वेरिएंट्स में उपलब्ध है। वहीं इस गाड़ी की कीमत 7.49 लाख से शुरू होकर 15.49 लाख रुपए है। इस गाड़ी में 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एक ऑल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट पैनल, नया स्टीयरिंग व्हील, डुअल-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जर, एम्बिएंट लाइटिंग, 360-डिग्री सराउंड कैमरा, लेदरेट सीटें, अपडेटेड सेंटर कंसोल, रियर एसी वेंट, पैनोरमिक सनरूफ, लेवल 2 एडीएएस, हरमन कारडोन साउंड सिस्टम और डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स मौजूद हैं।



# अर्थव्यवस्था के 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार, खनन-निर्माण क्षेत्र ने बढ़ाई जीडीपी की रफ्तार



**नई दिल्ली।**
भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया के प्रमुख देशों की तुलना में सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू जीडीपी की वृद्धि दर मजबूती के साथ 8.2 फीसदी पर पहुंच गई। इसकी प्रमुख वजह विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्र का शानदार प्रदर्शन है। मजबूत आर्थिक वृद्धि के दम पर अर्थव्यवस्था का आकार मार्च, 2024 अंत तक बढ़कर 3.5 लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। अगले कुछ वर्षों में इसके 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि 2023-24 की चौथी तिमाही में बढ़कर 8.9 फीसदी पहुंच गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 0.9 फीसदी रही थी। खनन खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 2.9 फीसदी से बढ़कर 4.3 फीसदी पहुंच गई। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि भी 7.4 फीसदी से बढ़कर 8.7 फीसदी पहुंच गई। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 7.6 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी रह गई।

**तीसरे कार्यकाल में भी वृद्धि जारी** - जीडीपी का 2023-24 में 8.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ना उल्लेखनीय है। विकास की यह गति मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेगी। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 फीसदी की शानदार वृद्धि हुई, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। कई उच्च आवृत्ति वाले संकेतक बताते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

**अर्थव्यवस्था का आकार : 295.36 लाख करोड़** - वर्तमान मूल्य पर जीडीपी का आकार 2023-24 में बढ़कर 295.36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह 2022-23 के 269.50 लाख करोड़ रुपये से 9.6 फीसदी ज्यादा है। वहीं, वास्तविक जीडीपी का आकार 2022-23 के 160.71 लाख करोड़ से बढ़कर 173.82 लाख करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान है। चौथी तिमाही में वर्तमान मूल्य पर जीडीपी का आकार 9.9 फीसदी बढ़कर 78.28 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। वास्तविक जीडीपी 7.8 फीसदी बढ़कर 47.24 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकती है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह : 23.36 लाख करोड़ रुपये महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।वहीं, सरकार का खर्च 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा।

### तेजी से घटा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, मई के इस हफ्ते में 2 अरब डॉलर गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 24 मई 2024 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ें जारी किये हैं। इस हफ्ते भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.027 अरब डॉलर से घटकर 646.673 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने बताया कि 24 मई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.027 अरब डॉलर घटकर 646.673 अरब डॉलर रह गया। वहीं पिछले सप्ताह 4.549 अरब डॉलर के उछाल के बाद मुद्रा भंडार 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 24 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.499 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की वृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव भी शामिल होता है। सोना भंडारण में भी गिरावट इसके साथ ही स्वर्ण भंडार 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.713 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.135 अरब डॉलर रह गए। इस दौरान आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 10 लाख घटकर 4.326 अरब डॉलर रह गई।

# स्पेसएक्स से चंद्रमा और मंगल पर आसानी से जा सकेंगे लोग : एलन मस्क



**नई दिल्ली।**
स्पेसएक्स की मदद से आसानी से लोग भविष्य में चंद्रमा और मंगल की यात्रा कर पाएंगे। कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ओर से ये बयान दिया गया है।मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि समय के साथ स्पेस एक्स ऐसी क्षमता विकसित कर लेगा जिसकी मदद से आसानी से कोई भी व्यक्ति मंगल और चंद्रमा की यात्रा कर सकता है।

टेक कारोबारी की ओर से आगे कहा गया कि इस वर्ष मुझे उम्मीद है कि स्पेसएक्स पृथ्वी के पूरे पेलोड का 90 प्रतिशत लो-अर्थ ऑर्बिट में ले जाएगा।

मौजूदा समय में स्पेसएक्स के रॉकेट फाल्कन को करीब 80 प्रतिशत तक दोबारा से उपयोग किया जा सकता है। कंपनी के सबसे बड़े रॉकेट स्टारशिप को दोबारा से 100 प्रतिशत उपयोग किया जा सकता है।

उनकी ओर से आगे कहा गया कि 2026 में आर्टेमिस 3 मिशन के तहत स्टारशिप से अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजा जाएगा।

इस स्पेस वाहन की अभी तक तीन से ज्यादा टेस्ट फ्लाइट हो चुकी है और चौथी भी जल्दी होने की संभावना है।

कंपनी का कहना है कि जैसे ही नियामकों से अनुमति मिल जाती है। 5 जून को हम चौथी टेस्ट फ्लाइट को लॉन्च कर देंगे।

स्टारशिप की तीसरी टेस्ट फ्लाइट से दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले रॉकेट को लेकर विश्वसनीयता काफी बढ़ी है।

कंपनी ने आगे बताया कि चौथी टेस्ट फ्लाइट में हमारा फोकस ऑर्बिट में जाकर वापस आने से हटकर स्टारशिप और सुपर हेवी को वापस लौटने और दोबारा उपयोग करने की क्षमता का प्रदर्शन करने पर होगा।

आगे बताया कि इसका प्राथमिक उद्देश्य सुपर हैवी बूस्टर के साथ मैक्सिको की खाड़ी में लैंडिंग बर्न और सॉफ्ट स्प्लेशडाउन करना है और स्टारशिप की नियंत्रित एंट्री हासिल करना है।

बता दें, मस्क की सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक 99 देशों में पहुंच चुकी है और 30 लाख से ज्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। हाल ही में स्टार लिंक की सर्विस को इंडोनेशिया और फिजी में लॉन्च किया गया है।

# डीजीसीए ने एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया, विमानों की देरी मामले में कार्रवाई




**नई दिल्ली ।**
नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को कम से कम दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की उचित देखभाल करने में विफल रहने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। नियामक ने 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए एआई 183 और 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को के लिए एआई 179 उड़ानों में अत्यधिक देरी का उल्लेख करते हुए यह कार्रवाई की। विमान में एयर कंडीशन सही ढंग से काम नहीं करने के कारण दोनों उड़ानों में देरी हुई और इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

# रियलमी नार्जो एन65 5जी में रेनवाटर स्मार्ट टच सुविधा डुअल रियर कैमरा और 5,000 एमएएच की है बैटरी

**नई दिल्ली।**
**चाइनीज कंपनी रियलमी के नार्जो एन65 5जी फोन में रेनवाटर स्मार्ट टच सुविधा मिल रही है। फोन में 120 एचझेड रि फ्रेश रेट डिस्प्ले, डुअल रियर कैमरा और 5,000 एमएएच की बैटरी जैसे फीचर मिलते हैं। रियलमी के नए फोन में मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 एसओसी पर मिलता है, और इसे धूल और पानी से बचाव के लिए आईपी54 रेटिंग दी गई है।**



रियलमी नार्जो एन65 5जी पर कनेक्टिविटी ऑप्शन के तौर पर इसमें 5जी, वायफाय और ब्लूटूथ शामिल हैं। यह गीले हाथों से चलाया जा सकता है, जिसके लिए इसमें रेनवाटर स्मार्ट टच सुविधा मिलती है। रियलमी नार्जो एन65 5जी में 6.67-इंच का एचडी प्लस डिस्प्ले मिलता है, और ये 120एचझेड रि फ्रेश रेट, 89.97प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो के साथ आता है, और ये 625 निट्स की पीक ब्राइटनेस मिलती है। डुअल-सिम (नैनो) के साथ आने वाला रियलमी नार्जो एन65 5जी एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड रियलमी यूआई 5.0 स्किन पर चलता है। ये फोन 6 एनएम मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 5जी एसओसी से लैस है, जिसे अधिकतम 6जीबी रैम के साथ जोड़ा गया है। दावा किया गया है कि यह भारत का पहला स्मार्टफोन है जो इस नए मीडियाटेक डाइमेंशन चिपसेट से लैस है। कैमरे के तौर पर रियलमी नार्जो एन65 5जी में 50-मेगापिक्सल प्राइमरी सेंसर के साथ डुअल रियर कैमरा सेटअप मिलता है। फोन के फ्रंट में 8-मेगापिक्सल का सेल्फी शूटर है। रियलमी ने रियलमी नार्जो एन65 5जी में 15वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000 एमएएच की बैटरी मिलती है। ये क्विकचार्ज फीचर रिवर्स चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है। दावा किया गया है कि बैटरी एक बार चार्ज करने पर 39.4 घंटे तक का कॉलिंग टाइम और 28 दिन तक का स्टैंडबाय टाइम देती है। हैंडसेट का वजन 190 ग्राम है और इसकी मोटाई 7.89 एमएम है। फोन में 128जीबी की इंटरनल स्टोरेज है जिसे 2टीबी तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर शामिल है जो होल-पंच कटआउट के पास मौजूद है, और ये चार्जिंग स्टेटस और दूसरे अलर्ट की जानकारी मिलती है।

# जून महीने में बदल रहे कई नियम, पहले मुफ्त में करवा सकेंगे आधार अपडेट

**नई दिल्ली।**
हर नए महीने में कई वित्तीय नियम बदल जाते हैं। जून महीनें में भी कई नियम बदलने वाले हैं। चिलचिलाती गर्मी के बीच जून महीने में बैंकों की छुट्टियां, आधार कार्ड में अपडेट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों में परिवर्तन होने वाले हैं। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं एक जून से कौन-कौन से नियम बदलने वाले हैं

**एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव** - हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें नए सिरे से तय की जाती हैं। पेट्रोलियम कंपनियां इसका एलान महीने के आखिरी दिन मध्यरात्रि को करती हैं। ऐसे में उम्मीद थी कि 1 जून 2024 को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी समेत पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव कर सकती हैं, हालांकि ऐसा नहीं हुआ है। इससें पहले मई में, पेट्रोलियम कंपनियों ने वाणिज्यिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की थी। एक जून से लंबे समय से स्थिर रहे पेट्रोल डीजल की कीमतों में भी बदलाव दिखने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।




**ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ का चक्कर लगाने से मिलेगी निजात** - नए परिवहन नियम लागू हो रहे हैं। नए महीने में ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए आरटीओ में ही टेस्ट देना अनिवार्य नहीं रह जाएगा। ऐसे में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास करने की प्रक्रिया अब आसान होने की उम्मीद है। एक जून से आप सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं। इससे लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने के लिए आरटीओ का चक्कर लगाने से निजात मिल जाएगी।

**ट्रैफिक नियम सख्त होंगे** - नए यातायात नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों को और कड़ा किया जा रहा है। 18 साल से कम उम्र के लोगों पर ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने या उनके वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द तो किया ही जाएगा इसके साथ-साथ 25 साल तक नया लाइसेंस भी जारी नहीं किया जाएगा। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।तेज़ गति से गाड़ी चलाने वाले पर 1000 रुपये से 2000 रुपये, बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर 500 रुपये, हेलमेट न पहनने पर 100 रुपये और सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

**14 जून तक मुफ्त में कर सकेंगे आधार अपडेट** - यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी यूआईडीएआई के अनुसार, अगर आपने 10 साल से अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं किया है तो 14 जून तक आप ऐसा फ्री में कर सकते हैं। यूआईडीएआई पोर्टल पर 14 जून 2024 तक आधार कार्ड अपडेट करने की प्रक्रिया मुफ्त है। अगर आप 14 जून के बाद अपना आधार कार्ड अपडेट करवाते हैं तो आपको इसके लिए कुछ शुल्क चुकाना पड़ सकता है। आप अपने आधार कार्ड को घर बैठे या आधार कार्ड सेंटर पर जाकर भी अपडेट करवा सकते हैं। अगर आप आधार कार्ड केंद्र पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाते हैं तो आपको 50 रुपये शुल्क के तौर पर चुकाना होगा। वहीं, यूआईडीएआई पोर्टल पर जाकर खुद से आधार कार्ड अपडेट करने पर फिलहाल कोई शुल्क नहीं चुकाना पड़ा है।

**जून महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक** - जून महीने में बकरीद, वट सावित्री व्रत समेत अलग-अलग पर्व त्योहारों के मौके पर सार्वजनिक और सासाहिक छुट्टियां के चलते कई दिन बैंक बंद रहने वाले हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, जून में कुल 12 दिन बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के कारण जून महीने की पहली तारीख को भी कई राज्यों के कुछ क्षेत्रों में बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। बैंक शाखाएं बंद रहने के दौरान आप बैंक जाकर कोई भी सेवा हासिल नहीं कर सकेंगे। ऐसे में आप अपने बैंकिंग से जुड़े कार्यों को बैंकों की छुट्टियों को देखते हुए प्लान करें यही बेहतर रहेगा। हालांकि एक बार यहां गौर करने वाली है कि जिन दिनों को बैंक शाखाएं बंद रहेंगी, उन दिनों में भी बैंकों ऑनलाइन सेवाएं यथावत जारी रहेंगी।

**पैन-आधार लिंक नहीं किया तो होगी ये परेशानी** - आयकर विभाग ने हाल में एक अधिसूचना में करदाताओं को अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को 31 मई तक आधार के साथ जोड़ने के लिए कहा है ताकि उच्च दर पर कर कटौती से बचा जा सके।मौजूदा नियमों के अनुसार यदि करदाता का पैन उसके आधार से नहीं जुड़ा है, तो स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) को एक जून से सामान्य दर से दोगुनी दर से काटा जाना अनिवार्य कर दिया है।



# किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल से हार के बाद फूट फूटकर रोए क्रिस्टियानो रोनाल्डो, सामने आया वीडियो

**नई दिल्ली ।**
सऊदी अरब की फुटबॉल लीग में अल नस्र से खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो किंग्स कप फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद फूट-फूटकर रोने लगे। मैच का परिणाम अपने पक्ष में नहीं आने के बाद रोनाल्डो मैदान पर लेट गए और रोने लगे। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद अल हिलाल ने अल नस्र को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। अल हिलाल के गोलकीपर यासीन बूनो ने दो सेव किए और अल हिलाल की जीत के हीरो रहे। शूटआउट में अल हिलाल के लिए रुबेन नेवेस और अल नस्र के लिए एलेक्स टेलेस शूट लेने पहुंचे और दोनों ने शॉट मिस किया। इसके बाद अल हिलाल की ओर से एलेक्जेंडर मित्रोविच और नस्र की ओर से रोनाल्डो शूट के लिए पहुंचे और दोनों ने बेहतरीन गोल दागा। हालांकि, इसके बाद अगले तीन प्रयासों तक अल हिलाल और अल नस्र दोनों ही ओर से गोल लगे। पांच प्रयासों के बाद स्कोर 4-4 की बराबरी पर था। फिर सडेन डेथ में अल हिलाल के सऊद अब्दुलहामिद और अल नस्र के अली अलहसन ने अपने-अपने शॉट मिस किए। अगले शॉट में अल हिलाल के नासेर ने तो गोल किया, लेकिन अल नस्र के मेहशारी अपना शॉट चूक गए। ऐसे में अल हिलाल ने 5-4 से जीत हासिल की। पुर्तगाली सुपरस्टार का व्यक्तिगत तौर पर शानदार सीजन था, लेकिन उन्होंने इसे ट्रॉफी रहित समाप्त किया। इससे ही वह दुखी हो गए और इतने संघर्ष के बाद ट्रॉफी नहीं जीत पाने से उनकी आंखों में आंसू आ गए। इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने हाल ही में सऊदी प्रो लीग सीजन में सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा था। रोनाल्डो ने एक सीजन में 35 गोल किए और उन्होंने पूर्व अल नस्र स्टार अब्दरजाक हमदल्लाह का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 2019 सीजन में 34 गोल किए थे। अल-नस्र सऊदी प्रो लीग में दूसरे स्थान पर रहे। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल से 14 अंक पीछे रहे। अब किंग्स कप की हार के बाद अल नस्र के सीईओ गुइडो फिएंगा ने पुष्टि की कि रोनाल्डो 2023-24 अभियान के दिल तोड़ने वाले अंत के बावजूद अगले सीजन में भी क्लब में बने रहेंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### टी20 वर्ल्ड कपः बुमराह गेंदबाजी में और ट्रेविस बल्लेबाजी में छाए रहेंगे, दोनों ने आईपीएल के 17वें सीजन में किया था शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली ।** अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को दो बार वनडे वर्ल्ड कप दिला चुके रिकी पोंटिंग का कहना है कि आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी में और ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ट्रेविस हेड बल्लेबाजी में छाए रहेंगे। बुमराह और हेड ने आईपीएल के 17वें सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था। बेशक, मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में बतौर टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन जसप्रीत बुमराह ने गेंदबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया। बुमराह ने 13 मैच में 20 विकेट झटके जबकि 5 बार की चैंपियन का 17वें सीजन में प्रदर्शन सबसे खराब रहा वहीं ऑस्ट्रेलिया के हेड ने 15 मैच में 567 रन बनाए। पोंटिंग ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में मैं जसप्रीत बुमराह को चुनूंगा। मुझे लगता है कि वह बेहतरीन गेंदबाज है और कई वर्षों से योगदान कर रहा है। उसने आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वह नई गेंद को स्विंग कर सकता है, सीम अप कर सकता है। लेकिन आईपीएल के अंत में उसका इकोनॉमी रेट सात रन प्रति ओवर से कम था। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को कोचिंग देने वाले रिकी पोंटिंग ने कहा, 'वह विकेट लेता है। वह काफी मुश्किल ओवर भी डालता है। जब आप टी20 में इस तरह के मुश्किल ओवर डालते हो तो इससे आपको काफी विकेट झटकने का भी मौका मिलता है। इसलिए मेरी पसंद वही होंगे।' हेड हालांकि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे लेकिन उन्होंने सभी को अपनी बल्लेबाजी के तरीके से प्रभावित किया। आईपीएल के ज्यादातर समय में उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक का रहा और उन्होंने 15 मैच में 567 रन बनाए जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल थे।

### ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श की फिटनेस पर सस्पेंस, ओमान के खिलाफ नहीं करेंगे गेंदबाजी

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है।



हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से उन्हें फिट बताया जा रहा है लेकिन वह ओमान के खिलाफ बतौर ऑलराउंडर नहीं बल्कि बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। भारत में आईपीएल खेलने के दौरान मार्श अप्रैल में हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। टी20 विश्व कप 2024 के आगाज से पहले, इस सप्ताह की शुरुआत में हुए दो अभ्यास मुकाबलों में वह फिर से मैदान पर लौटे। दोनों ही मैचों में उन्होंने पूरी पारी में फील्डिंग नहीं की। हालांकि, एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि मार्श 6 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगे, लेकिन केवल बल्लेबाज के रूप में। गेंदबाजी में उनकी वापसी अभी भी अनिश्चित है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने एंड्रयू मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, मिचेल के लिए, (वार्म-अप मैच) उनके शरीर की स्थिति को परखने के बारे में थे। उन्होंने अधिक ओवर फील्डिंग की, वह अधिक स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ पाए, इसलिए उन्होंने वहां थोड़ा आत्मविश्वास हासिल किया। ऐसा लग रहा है कि वह पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, दूसरा भाग तब होगा जब गेंदबाजी फिर से शुरू होगीज्यह पहला गेम नहीं होगा। मार्श ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए आरोन फिंच की जगह ली।

### पहले मैच में मिली हार, दूसरे मैच में उलटफेर कर तृषा-गायत्री ने की सेमीफाइनल में एंट्री

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला युगल जोड़ी तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने दूसरे मैच में उलटफेर करते हुए शानदार जीत दर्ज की। दोनों ने छठी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई जोड़ी किम सो यियोंग और कोंग ही योंग को कड़े मुकाबले में हराकर सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में 12-18 से पिछड़ रही थी, फिर उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 18-21, 21-19, 24-22 से जीत हासिल की। इस तरह दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में इसी प्रतिद्वंद्वी से मिली हार की भरपाई कर ली। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी तृषा और गायत्री ने राउंड ऑफ 16 में दुनिया की दूसरे नंबर की कोरियाई जोड़ी बेक हा ना और ली सो ही को हराया था। सेमीफाइनल में तृषा और गायत्री का मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा।

## टी-20 विश्वकप

# भारत और आयरलैंड की टीमें 5 जून को होंगी आमने सामने, रोहित शर्मा बल्ले से बना सकते हैं बड़ा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली ।**
टी20 वर्ल्ड कप में भारत और आयरलैंड की टीमें 5 जून को आमने सामने होंगी। इस मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा बल्ले से बड़ा रिकॉर्ड बना सकते हैं। वर्ल्ड क्रिकेट में 'हिटमैन' के नाम से विख्यात रोहित के पास धाकड़ ओपनर क्रिस गेल के रिकॉर्ड को तोड़कर टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंचने का मौका है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अमेरिका पहुंच चुकी है। टीम इंडिया अपने टी20 वर्ल्ड कप के अपने चारों ग्रुप स्टेज के मुकाबले अमेरिका में खेलेगी। आयरलैंड के खिलाफ 3 रन बनाते ही रोहित क्रिस गेल के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर तीसरे नंबर पर आ जाएंगे। गेल ने टी20 वर्ल्ड कप में 33 मैचों की 31 पारियों में 965 रन बनाए हैं जिसमें 2 सेंचुरी और 7 हाफ सेंचुरी शामिल है। वहीं रोहित ने 39 मैचों में 127.88 के स्ट्राइक रेट से 963 रन बनाए हैं। रोहित का बेस्ट स्कोर नाबाद 79 रन है। रोहित के बल्ले से 9 अर्धशतक निकले हैं। टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। कोहली ने 27 मैचों में 1141 रन बनाए हैं जिसमें 14 हाफ सेंचुरी शामिल है। विराट का विश्व कप में बेस्ट स्कोर नाबाद 89 रन है। विराट के बाद दूसरे नंबर पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने हैं। जयवर्धने ने 31 मैचों में 1016 रन जुटाए हैं। उनके नाम 1 शतक और 6 अर्धशतक दर्ज हैं। टी20 वर्ल्ड कप में सिर्फ विराट और जयवर्धने ही 1000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं।टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष 5 में शामिल सिर्फ 2 बल्लेबाज ही अभी भी क्रिकेट खेल रहे हैं। बाकी तीन ने संन्यास ले लिया है। विराट और रोहित सक्रिय हैं जबकि जयवर्धन, गेल और तिलकरत्ने दिलशान क्रिकेट छोड़ चुके हैं। ऐसे में इस बाद टॉप 5 में नए खिलाड़ियों की एंट्री हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर 806 रन के साथ छठे नंबर पर हैं जबकि इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर 799 रन के साथ सातवें नंबर पर विराजमान हैं। शाकिब अल हसन के नाम 742 रन दर्ज है। बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा रिकॉर्ड 9वीं बार टी20 वर्ल्ड कप में शिरकत करने गए हैं। उन्होंने 2007 से लेकर अभी तक जितने भी टी20 वर्ल्ड कप आयोजित हुए हैं, उन सभी में 'हिटमैन' ने हिस्सा लिया है। भारतीय टीम विंडीज और अमेरिका में आयोजित होने वाले इस विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत कमजोर आयरलैंड टीम के खिलाफ करेगी।

### यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से स्थगित फैंस को हाथ लगी निराशा



**लंदन ।** माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल के खिलाफ रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने इसकी पुष्टि की। टायसन जब पिछले मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे, तो उन्हें चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आना की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने एक बयान में कहा कि टायसन को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है, जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। बयान में कहा गया- माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें। माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि यह सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस महत्वपूर्ण मैच के लिए तैयार हैं या नहीं। आयोजकों ने कहा- एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं।

## जलेबी वाले ने गलतियां गिनाई, तो भड़के नसीम शाह

# कहा- हम सब इंसान हैं गलतियां सबसे होती हैं; इंग्लैंड से वर्ल्ड कप फाइनल हारे थे



**नई दिल्ली ।**
बड़ी हार के बाद फैंस की क्रिकेटर्स पर नाराजगी आमबात है, लेकिन उलटा क्रिकेट फैंस पर भड़क जाए ऐसा कम ही होता है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह ने कुछ ऐसा ही किया। मामला 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद का है। इंग्लैंड से फाइनल हारने के बाद पाकिस्तानी पेसर को उनके घर के बाहर जलेबी बेचने वाले ने उन्हें गलतियां गिनाई। इस पर शाह उस जलेवी वाले पर भड़क गए। यह किस्सा नसीम ने खुद द क्रिकेट मंथली के साथ साझा किया है। नसीम ने कहा- 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल मिली हार के बाद वो अपने शहर लौट गए थे। वहां जब वो अपने घर के बाहर जलेबी वाले के पास जलेबी लेने गए, तो उसने मुझे फाइनल की गलतियों को बताना शुरू कर दिया। इस पर मैंने कहा मैं आपके यहां पिछले दो साल से जलेबी खा रहा हूं। इस दौरान कई बार जलेबी का शेप गलत थाज्क्या मैंने आपसे इसकी शिकायत की। हम इंसान है हम सबसे गलती हो जाती है। फिर मैंने फाइनल में हुए गलती को स्वीकार करते हुए दुकानदार से माफी मांग ली। वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल हारी थी पाकिस्तान

2022 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया था। पाकिस्तान ने पहली बैटिंग करते हुए 8 विकेट खोकर 137 रन बनाए थे। जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 19 ओवर में 138 रन बनाकर जीत हासिल कर ली थी। इसके बाद ही पाकिस्तान की बॉलिंग को लेकर सवाल खड़े हुए थे। पाकिस्तानी टीम अमेरिका पहुंचीं पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूयॉर्क पहुंच गई है। वो अपने कैंपेन की शुरुआत 6 जून को मेजबान अमेरिका के खिलाफ करेगी। टीम ने पहले ही टी20 वर्ल्ड कप 2024 में वॉर्म अप मैच खेलने से मना कर दिया है।

# निशांत देव ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा ऐसा करने वाले पहले पुरुष मुक्केबाज बने

**नई दिल्ली ।**
**निशांत देव (71 किग्रा) यहां मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जो पिछले क्वालिफायर में ओलंपिक बर्थ से चूक गए थे, उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।**



यह भारत का चौथा कोटा स्थान है, जिसमें महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए अपना रास्ता सुरक्षित कर चुकी हैं। 71 किग्रा भार वर्ग में पाँच कोटा उपलब्ध हो गए हैं। देव पूरे टूर्नामेंट में हावी रहे। उन्होंने शानदार शुरुआत की। अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफायर्स में यहां स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई। भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

# पेरिस खेलों से पहले नीरज चोपड़ा को मिली बड़ी राहत, खेल मंत्रालय ने लिया अहम फैसला

**नई दिल्ली ।**
भारत ने इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियां को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। भारत की पेरिस खेलों में पदक की सबसे बड़ी उम्मीद भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से है जो पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने उतरेंगे। खेल मंत्रालय ने विश्व चैंपियन नीरज की ओलंपिक की तैयारियों के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दी है। इस दौरान नीरज के साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे।



### नीरज ने रचा था इतिहास

नीरज ने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड पदक जीतने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया था। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग-अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के अंतर्गत वित्तीय सहायता में हवाई यात्रा का किराया, रहना और खाना, मेडिकल बीमा, स्थानीय यात्रा के खर्चे के अलावा अन्य भत्ते भी शामिल होंगे जो भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के मानदंड के अनुसार दिए जाएंगे।

### विनेश के कोच को ले जाने का प्रस्ताव भी स्वीकार

नीरज के अलावा खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग भाग लेने वाली विनेश ने लोम्बार्ड के हंगरी की यात्रा, वीजा तथा रहने और स्थानीय यात्रा के लिए मदद देने का अनुरोध किया था। वह छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। एमओसी ने मैड्रिड में पांच से सात जुलाई तक स्पेन में होने वाली ग्रांप्रि में हिस्सा लेने के लिए उनके प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। विनेश की सहयोगी टीम में फिजियो अश्विनी जीवन पाटिल, स्पारिंग जोड़ीदार अरविंद और कोच वोलर अकोस शामिल होंगे। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

# कम्पाला की झुग्गियों में बिता है जुमा मियागी का बचपन लगभग 60 फीसदी आबादी रहती है यहां झुग्गियों में

**नई दिल्ली ।**
टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में युगांडा की टीम पहली बार खेलती हुई नजर आएगी। युगांडा ने पिछले साल नवंबर में टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया। इस टीम में एक ऐसा तेज गेंदबाज है जिसका बचपन युगांडा की राजधानी कम्पाला की झुग्गियों में बिता है। कम्पाला में लगभग 60 फीसदी आबादी झुग्गियों में रहती है और तेज गेंदबाज जुमा मियागी उनके लिये प्रेरणास्रोत हैं।फुटबॉल के शौकीन यहां के निवासी उनकी वजह से चाव से क्रिकेट देखते हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप में युगांडा क्रिकेट टीम का पदार्पण उनके लिए किसी सपने से कम नहीं। जुमा मियागी कम्पाला के बाहरी इलाके में नागुरू झुग्गी बस्ती में बड़े हुए। दो साल तक युगांडा की अंडर 19 टीम के लिए खेलने के बाद अब वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सीनियर




टीम की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। युगांडा ने पिछले साल नवंबर में पहली बार क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। अब तक 21 टी20 मैचों में 34 विकेट ले चुके मियागी झुग्गियों में बड़े हुए और अभी भी अपने परिवार के साथ वहीं रहते हैं। टी20 विश्व कप में शामिल सिमोन सेसाजी और रिजर्व खिलाड़ी इनोसेंट एमवेबाजे भी झुग्गी से ही निकले हैं। उनके इलाकों में पीने का साफ पानी , सीवेज की व्यवस्था नहीं थी और ना ही स्वास्थ्य सुविधाएं थी। उनकी कठिनाइयों की कहानी ने युगांडा के भारतीय कोच अभय शर्मा को भी विचलित कर दिया जो टी20 विश्व कप से पहले ही टीम के साथ जुड़े हैं। ऐसा नहीं है कि अभया शर्मा ने कभी झुग्गी बस्ती देखी नहीं है लेकिन कम्पाला की झुग्गियां मुंबई की धारावी से अलग हैं। खिलाड़ियों के साथ समय बिताकर शर्मा का उनके प्रति सम्मान कई गुना बढ गया। उन्होंने त्रिनिदाद से कहा, 'मैंनेसोचा नहीं था कि वे इन हालात में रहते हैं।वे अपने कोचों का काफी सम्मान करते हैं और उन्हें लगता है कि हम उनकी जिंदगी बदल सकते हैं।'युगांडा को विश्व कप में तीन जून को पहले मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। युगांडा क्रिकेट टीम के कोच अभय शर्मा ने यह भी कहा कि केन्या की तरह के हश्र से बचने के लिए युगांडा क्रिकेट में कुछ बदलाव करने होंगे। कीनिया 2011 के बाद से आईसीसी टूर्नामेंट नहीं खेला है।

### भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने आईबीए से तोड़ा नाता, थामा विश्व मुक्केबाजी का दामन, अध्यक्ष ने की पुष्टि




**नई दिल्ली ।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने आईबीए से नाता तोड़ लिया। इसके बाद बीएफआई ने विश्व मुक्केबाजी का दामन थाम लिया। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। सिंह ने कहा कि वह खेल के विकास के लिए विश्व मुक्केबाजी के कार्यकारी बोर्ड के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि दुनिया भर के मुक्केबाजों को अच्छा भविष्य मिल सके। वहीं, आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी। हम बीएफआई के साथ मिलकर संयुक्त लक्ष्य के लिए काम करेंगे।

## नई डिजिटल क्रिप्टो करेंसी...




**एक नई** डिजिटल क्रिप्टो करेंसी लॉन्च की गई है जिससे इंसान पैदल चलकर कमाई कर सकेगा। इस करेंसी का नाम है बिटवॉकिंग डॉलर, जो डिजिटल क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की तरह ही कंप्यूटर से पैदा होगी। स्मार्ट फोन यूजर फोन पर बिटवॉकिंग ऐप की मदद से रिकॉर्ड करेगा कि वो कितने कदम पैदल चला है। फिर कदमों की गिनती के आधार पर प्रति दस हजार कदमों पर यूजर को लगभग एक बिटवॉक डॉलर मिलेगा। शुरू शुरू में, यूजर को कमाई गई करेंसी ऑनलाइन स्टोर में खर्च करने या उससे नकद कमाने का मौका मिलेगा। संस्थापकों का मानना है यह तकनीक विकासशील और गरीब देशों में फिटनेस उद्योग के विकास में खासी मददगार हो सकती है। इनके अनुमान के अनुसार बिटवॉकिंग योजना गरीब देशों के नागरिकों के जीवन को पूरी तरह से बदलकर रख देगी। प्रोजेक्ट की शुरुआत करने वाले निसान बहार और फ्रेंकी इम्बेसी को इस प्रोजेक्ट के लिए जापानी निवेशकों से शुरुआती दस मिलियन डॉलर की मदद मिली है। जापानी मदद की बदौलत वे ऐसे बैंक और करेंसी की शुरुआत करेंगे जो चले गए कदमों और किसी भी तरह के हस्तांतरण को सत्यापित करेगा। इसके अलावा कुछ जूते बनाने वाली कंपनियां इस करेंसी को अपनाने के लिए अपनी सहमति दे चुकी हैं। वैसे पैदल चलकर बिटवॉकिंग डॉलर कमाने का यह कोई नया प्रयोग नहीं है। कई स्टार्ट-अप समूह, सेहत बनाओ और कमाई करो का विचार पहले लागू कर चुके हैं, लेकिन गति को सही सही मापने में उन्हें सफलता नहीं मिली। क्रिप्टो करेंसी एक ऐसी डिजिटल या वर्चुअल करेंसी है, जिसमें सुरक्षा के लिए क्रिप्?टोग्राफी का इस्तेमाल किया जाता है। दुनिया की सबसे पहली क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन है, जो 2009 में लॉन्च हुई थी।

## नाम विदेशी लेकिन देसी ब्रांड




**कई** ब्रांड ऐसे हैं जिनका नाम सुनकर ऐसा लगता है कि ये विदेशी हैं, लेकिन कई मामलों में ऐसा नहीं है। पीटर इग्लैंड का नाम तो सुना ही होगा और कई बार टीवी पर ऐड भी देखा होगा। नाम सुनकर यह एक विदेशी कपड़ों का ब्रांड लगता है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। पीटर इंग्लैंड वास्तव में आदित्य बिरला ग्रुप की मदुरा गार्मेंट्स का हिस्सा है। अमेरिकन स्वान का नाम सुना ही होगा। शायद आपको लगा हो कि ये विदेशी कपड़ो का ब्रांड है। जी नहीं! अमेरिकन स्वान भारतीय ब्रांड है। इसे 2013 में अनुराग राजपाल ने लांच किया था। लुई फिलिप भी आदित्य बिरला का हिस्सा है। 1989 में इसकी शुरुआत हुई। एलन सोली आदित्य बिरला ग्रुप का ब्रांड है। वेन ह्यूजन भी आदित्य बिरला ग्रुप से जुड़ा हुआ है। वेस्टसाइड टाटा ग्रुप का एक डिविजन है। फ्लाइंग मशीन की शुरुआत अरविंद ग्रुप ने की। मांटे कार्लो ओसवाल वूलन मिल्स लिमिटेड का हिस्सा है। द मिलानो साहिल मालिक चलाते हैं।

## बढ़ती उम्र को रोकें....



**रोजमर्रा** की भागदौड़ और जिम्मेदारियों को पूरा करने के चक्कर में युवाओं की उम्र कब बढ़ने लगती है पता ही नहीं चलता। लेकिन चेहरे पर आती झुर्रियों को दूर करने के लिए कुछ उपाय अपनाकर इससे बचा जा सकता है। खूब पानी पिएं। पानी पीने से त्वचा नम होती है और इससे झुर्रियां दूर होती हैं। पूरी नींद लें। दिन में कम से कम 7 से 8 घंटें सोएं। माइश्चराइजर का इस्तेमाल करते रहें। सिर्फ सर्दियों में ही नहीं गर्मीयों में भी त्वचा पर क्रीम लगाते रहें। सेहतमंद खाना खाएं। ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जियां और फल खाएं। इसके अलावा सूखे मेवे भी फायदेमंद हैं। तनाव से खुद को दूर रखें।

## आनलाइन लगेगी छात्रों की हाजिरी



**उत्तर** प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों की हाजिरी अब ऑनलाइन लगेगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद ने ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इस योजना के तहत शिक्षकों को अब सुबह विद्यार्थियों की उपस्थिति के बाद अपने मोबाइल से बेसिक शिक्षा परिषद को मैसेज भेजना होगा, जिससे विभाग की सभी योजनाओं में होने वाले धन के दुरुपयोग को रोका जा सके। बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को उनके क्लास रूम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की विद्यालय के रजिस्टर में हाजिरी करने के साथ ही परिषद को अपने मोबाइल से एक मैसेज भी भेजना होगा। इस मैसेज के पहुंचते ही परिषद के सॉफ्टवेयर में विद्यार्थियों की हाजिरी लग जाएगी।

# दाढ़ी से फायदा या नुकसान...?



फैशन और ट्रेंड के चलते आजकल लड़के लंबी दाढ़ी और मूंछे रखने लग गए हैं। हालांकि दाढ़ी और मूंछ में लड़के बहुत ही स्मार्ट दिखाई देते हैं लेकिन यह बात भी सामने आई है कि दाढ़ी रखना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद भी है। हालांकि कुछ शोध बताते है कि लड़कियां दाढ़ी रखने वाले लड़कों को कम ही पसंद करती हैं। इसके समर्थन में वे कारण गिनाए गए हैं कि क्यों लड़कियों को दाढ़ी वाले लड़के पसंद नहीं हैं। तो हम यहां जानेंगे दाढ़ी के कितने फायदे हैं और कितने नुकसान।

**मूंछ** और दाढ़ी रखने वाले युवाओं की पर्सनैलिटी को लोग दो तरीके से जज करते हैं। कुछ लोगों की नजरों में जहां वे हैंडसम और डैशिंग कहलाते हैं, तो वहीं कुछ लोगों को वे आलसी नजर आते हैं। प्रोफेशनल लुक में भी कई बार दाढ़ी और मूंछ प्रॉब्लम खड़ी करती है। लेकिन बहुत ही कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि चेहरे पर दाढ़ी कई प्रकार की समस्याओं से दूर रखती है। हालांकि, कई बार ज्यादा दाढ़ी इरिटेट भी करती है, लेकिन समय-समय पर इसकी ट्रिमिंग कराकर इरिटेशन से बचा जा सकता है।

### स्किन कैंसर से बचाव


रिसर्च से ये बात सामने आई है कि सूर्य से निकलने वाली हानिकारक यूवी किरणों से दाढ़ी बचाव करती है। दाढ़ी के बाल 95 प्रतिशत तक इन हानिकारक यूवी किरणों को रोकते हैं। शरीर के लिए बहुत ज्यादा नुकसानदायक ये किरणें जानलेवा बीमारी कैंसर का कारण भी बन सकती हैं। इन किरणों से बचने के लिए दाढ़ी रखना सेहत और स्टाइल, दोनों लिहाज से अच्छा रहता है।

### एलर्जी की समस्या दूर

धूल और पॉल्यूशन के कारण होने वाली एलर्जी और अस्थमा की समस्या को कम करने में भी दाढ़ी के बाल बहुत ही मददगार होते हैं। ये बाल एक प्रकार से फिल्टर का काम करते हैं, जो चेहरे पर किसी भी चीज को डायरेक्ट पहुंचने से रोकते हैं। आंखों की पलकें और नाक के बाल भी यही काम करते हैं। फिल्टर के बाद प्योर ऑक्सीजन बॉडी में पहुंचती है।

### बनाए रखे जवां

एजिंग की समस्या को कम करती है दाढ़ी। दाढ़ी पॉल्यूटेड एनवायरन्मेंट से स्किन को बचाती है, जिससे असमय दिखने वाले बुढ़ापे की समस्या भी दूर होती है। चेहरे को पानी से धोने पर नमी बनी रहती है। साथ ही, चेहरे के सेबेसियस ग्लैंड्स भी बिअर्ड से कवर्ड रहते हैं। इनसे नमी को बनाए रखने वाले ऑयल निकलते हैं। स्टाइल के लिए रखी जाने वाली



बियर्ड जहां उम्र कम दिखाती है, वहीं कुछ लोगों का ऐसा मानना है कि बियर्ड से उम्र ज्यादा नजर आती है।

### बीमार की आशंका कम

गर्मियों में गर्मी से और सर्दियों में सर्दी से बचाने में दाढ़ी कारगर साबित होती है। दाढ़ी सर्दी में चेहरे को गर्म रखने का काम करती है। बाहर की ठंडी हवाएं डायरेक्ट चेहरे तक नहीं पहुंच पाती। पुराने समय में ऋषि-मुनि दाढ़ी-मूंछ रखते थे। संभवतः इसके पीछे उनका मकसद रोगमुक्त होना रहा हो।

### इन्फेक्शन से बचाव

दाढ़ी चेहरे पर होने वाले कई सारे बैक्टीरियल इन्फेक्शन्स, फॉलिकल्स और दाग-धब्बों से बचाती है। शेविंग के दौरान स्किन कट जाने से कई प्रकार के इन्फेक्शन्स हो जाते हैं। साथ ही, कई बार ये बड़े घाव तक बन जाते हैं। जो लोग दाढ़ी रखते हैं, उनके साथ ये समस्या नहीं हो सकती।

### दाग-धब्बे ऑल क्लीयर

चेहरे के बाल कई प्रकार के दाग-धब्बों, जलने-कटने से बचाने के साथ ही उन्हें छिपाते भी हैं। ये चेहरे के ग्लो को भी बनाए रखते हैं। पुरुषों का दाढ़ी रखना इसलिए भी फायदेमंद माना गया है।

### नेचुरल मॉइश्चराइजर

ड्राय स्किन की शिकायत सिर्फ महिलाओं के साथ ही नहीं, पुरुषों के साथ भी हो सकती है। इससे बचने के लिए मॉइश्चराइजर और क्रीम लगाते हैं, लेकिन दाढ़ी भी स्किन को ड्राय होने से बचाती है।

### दाढ़ी के नुकसान भी

मर्दों की दाढ़ी को लेकर और दो तरह के अध्ययन किए गए हैं। पहले सर्वे में करीब 100 आदमियों पर अध्ययन किया गया, जिनकी उम्र 18 से 72 साल के बीच थी। ये 100 पुरुष भारत और अमरीका से थे। इन सभी पुरुषों की दाढ़ी अलग-अलग तरह की स्टाइल और लेंथ में थी। इस आधार पर इनके सामने कुछ सवाल रखे गए। इस सर्वे के अनुसार, दाढ़ी रखे 86 प्रतिशत भारतीय मर्द और 65 फीसदी अमरीकी मर्द तुलनात्मक रूप से अधिक रूढ़िवादी पाए गए। एक ऑनलाइन सर्वे द्वारा कराए गए इस सर्वे में पाया गया है कि दाढ़ी रखने वाले पुरुष अपनी पार्टनर के प्रति कम वफादार होते हैं। वहीं एक अन्य रिसर्च में कहा गया है कि ऐसे ज्यादातर पुरुष धोखेबाज होते हैं। हालांकि विशेषज्ञों की मानें तो दाढ़ी रखना काफी नुकसानदेह भी साबित हो सकता है।

### क्या सोचती हैं लड़कियां

**गुस्सैल दिखना:** दाढ़ी वाले युवा गुस्सैल दिखते हैं। एक शोध में यह पाया गया है कि आमतौर पर लड़कियां दाढ़ी रखने वाले युवाओं को गुस्सैल और लड़ाकू समझती हैं।

**गुदगुदी होती है:** वैसे तो अपने मेल पार्टनर की दाढ़ी में हाथ फेरना कुछ महिलाओं के लिए रोमांटिक हो सकता है, लेकिन कई अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि दाढ़ी-मूंछ के चलते महिलाओं को गुदगुदी होती है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। दाढ़ी चुभने पर महिलाओं का मूड ऑफ हो जाता है।

**दाढ़ी से एलर्जी:** जाहिर है जिन लोगों की स्किन हाइपर सेंसिटिव है, जिन्हें हल्की दाढ़ी भी चुभती है और फौरन रैशेज निकल आते हैं, उनके करीब जाना खतरों से भरा है।

**उम्रदराज दिखते हैं:** लड़कियों का मानना है कि क्लीन शेव लड़के यंग दिखते हैं, लेकिन दाढ़ी में वो ज्यादा मैच्योर और उम्रदराज नजर आते हैं।

**क्लीन शेव वालों की छवि:** जो लड़के क्लीन शेव होते हैं, उनके बारे में धारणा यह है कि वे सफाई पसंद होते हैं और हाइजीन का ख्याल रखते हैं।

## स्टाइल स्टेटमेंट बन गए बेल्ट...

बेल्ट, है तो बहुत छोटा परंतु दाम में आपकी किसी पोशाक का मुकाबला कर सकता है। इसे पहले केवल पैंट को कसने के लिए पहना जाता था लेकिन आज यह एक स्टाइल स्टेटमेंट बन चुकी है। यह सुंदर चीज बहुत छोटी है लेकिन बडी स्टाइलिश। जब आप इसे अपनी कमर पर बांधते हैं, ये आपके पूरे रूप को परिवर्तित कर देता है। इसे पुरुष अपनी पतलून के साथ तथा महिलाएं अपनी स्कर्ट के साथ पहनना पसंद करती हैं। इसे पहले इसे केवल चमडे से बनाया जाता था किंतु आज ये कपडे या कृत्रिम चमड़े में भी बनी मिलती है।

**चमड़े का बेल्ट:** चमड़े का बेल्ट चाहे काले रंग का हो या भूरे रंग का आपको एक फॉर्मल लुक देने में मदद करता है। आप इस बेल्ट को अपनी फॉर्मल पैंट या जीन्स के साथ पहन सकते हैं। चूंकि ये बेल्ट चमड़े के बने होते हैं इन्हें संभालकर रखना बहुत जरूरी है। कमरे में यहां-वहां फेंकने से ये खराब हो सकते हैं।




**ब्रेडेड बेल्ट:** सुंदर ब्रेडेड बेल्ट के साथ अपने अद्भुत व कूल रूप को प्रकट करें। यदि आप लोगों को अपनी ओर आकर्षित करना चाहते हैं तो ये बेल्ट आपकी इस तमन्ना को पूरा कर सकता है। एक अच्छा लुक पाने के लिए इसे अपनी किसी भी सादी पतलून के साथ पहनें।

**नियॉन बेल्ट:** रंग-बिरंगे नियॉन बेल्ट आपके होश उडा देंगे। अब तक आप बेल्ट को अपनी पैंट को टिकाए रखने के लिए खरीदते थे। परंतु ये नियॉन बेल्ट एक फैशन स्टेटमेंट बनाने के लिए एवं आपको एक स्टाइलिश लुक प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। हज़ारों की भीड में अपनी एक अलग पहचान बनाने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति इस बेल्ट को खरीद सकते हैं। इस बेल्ट को पुरुषों व महिलाओं दोनों द्वारा पहना जा सकता है।

**टेक्स्चर्ड बेल्ट:** कुछ टेक्स्चर्ड बेल्ट चमड़े के बने होते हैं तो कुछ कपड़े के। दोनों की तुलना में कपड़े के बेल्ट ज्यादा कारगर साबित होते हैं और इसे फाक्स सूड कहा जाता है। सूड बेल्ट काफी आरामदायक होते हैं और ये लेनिन व खाखी कॉम्बो के साथ सही बैठते हैं। हमें इसकी आरामदायक पकड व सुंदरता बेहद पसंद है। इस बेल्ट की खासियत को जानने के लिए इसे एक बार जरूर पहनें।

**ट्रैवल बेल्ट:** क्या आप अक्सर टुर पर रहते हैं? तथा पैसों के साथ अपने जरूरी दस्तावेजों को संभालना आपके लिए बहुत जरूरी हो जाता है? तो ट्रैवल बेल्ट पर एक नजर डालें। ट्रैवल बेल्ट में मौजूद चोर पाकिट आपके पैसों व कार्ड को संभाले रखने में मदद करता है।

## ज्यादा वजन में भी स्मार्ट दिखें...

**मर्दों** की चाहे कितनी भी उम्र हो जाए, लेकिन लड़कियों की तरह वे भी अपने वजन से कम ही दिखना चाहते हैं। मोटापा युवाओं को उम्र से ज्यादा बड़ा दिखता है और स्टाइल में भी कमी ला देता है, लेकिन अपने पहनावे में कुछ छोटे मोटे बदलाव कर के, पतले और स्मार्ट दिख सकते हैं। जानिए, इसके लिए क्या करने की जरूरत है।



**फिटिंग के कपड़े:** यह सोचना छोड़ दें कि ढीले ढाले कपड़ों में आप मोटे नहीं दिखेंगे। ढीले कपड़े मोटापे को और उभारते हैं इसलिए अपनी फिटिंग के ही कपड़े पहनें।

**सीधी लाइन वाली शर्ट:** ज्यादा वजन वाले युवाओं को सीधी लाइन वाली शर्ट ही पहननी चाहिए। ऐसा करने से उनकी तरफ देखने वाले लोगों की नजर उन रेखाओं पर जाती है यानी ऊपर से नीचे न कि वजन यानी दाएं से बाएं। यह साबित भी हो चुका है कि इंसानी दिमाग पहले सीधी लंबी रेखाओं की तरफ ही जाता है।

**शर्ट को टक इन न करें:** कोशिश करें हर बार शर्ट या टीशर्ट को पैंट के अंदर टक इन कर के न चलें। टक इन कर ने पर आपका पेट निकला हुआ दिखेगा जो जाहिर है आप नहीं चाहते।

**गाढ़े रंग के कपड़े:** गाढ़े रंग के कपड़े आप पर ज्यादा फबेंगे। ये भी एक मनोवैज्ञानिक सिद्धांत है कि एक ऊपर से नीचे तक एक जैसा गाढ़ा रंग का कपंड़ा पहनने वाला पतला दिखता है।

**दाढ़ी और बाल:** अपने बालों और दाढ़ी को इस तरह ही रखें जिससे आपका चेहेरा लंबा दिखे। इससे आप भी पतले दिखेंगे। फ्रेंच स्टाइल दाढ़ी जो ढुड्डी की तरफ लंबी हो, आप पर जमेगी।

HEALTH

**उच्च रक्तचाप के लिए ज्यादा नमक ही जिम्मेदार नहीं, बल्कि कम मात्रा में पोटैशियम का सेवन भी आपको इसका मरीज बना सकता है। एक नए शोध में यह खुलासा हुआ है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि आहार में अधिक पोटैशियम ग्रहण करने वाली किशोरियों में बाद में रक्त चाप कम पाया गया।**

*सिर्फ नमक का ज्यादा सेवन ही इस बीमारी के लिए जिम्मेदार नहीं*

# पोटैशियम के कम सेवन से भी हाई ब्लडप्रेशर

### सोडियम की मात्रा कम करने पर बल देना जरूरी नहीं



बोस्टन विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ मेडिसिन के लीन मूरे ने कहा कि इसके विपरीत, रक्तचाप पर अकेले सोडियम का कोई प्रभाव नहीं दिखाई पड़ा, जिसके कारण वैश्विक स्तर पर बच्चों तथा किशोरों के आहार में सोडियम की मात्रा कम करने की जरूरत पर बल देने की जरूरत नहीं।

### ...तो नहीं पड़ता प्रतिकूल प्रभाव

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जो किशोरियां प्रतिदिन तीन हजार मिलीग्राम नमक का सेवन करती हैं, उनके रक्तचाप पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, जबकि जो किशोरियां प्रतिदिन 2,400 मिलीग्राम या उससे अधिक पोटैशियम का सेवन करती हैं, तो बाद में उनका रक्त चाप कम होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) लोगों को दो हजार मिलीग्राम से अधिक सोडियम का सेवन नहीं करने की सलाह देता है। शोधकर्ताओं ने किशोरावस्था के अंत में आहार में सोडियम व पोटैशियम का रक्तचाप पर दीर्घावधि तक प्रभाव का अध्ययन किया।

# आपसे कुछ चाहता है माइक्रोसॉफ्ट...

दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट जल्दी ही एंड्रॉयड के लिए ऑफिस प्रोडक्ट लॉन्च करने जा रही है। इससे आप माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल और पॉवरपॉइंट जैसे सॉफ्टवेयर अपने स्मार्टफोन और टैबलेट पर इस्तेमाल कर सकेंगे। माइक्रोसॉफ्ट चाहता है कि एंड्रॉयड इस्तेमाल करने वाले लोग उसके इस नए प्रोडक्ट की बीटा टेस्टिंग में उसकी मदद करें। ये बीटा टेस्टिंग वर्ड, एक्सेल, पॉवरपॉइंट, विसिओ, वन नोट, एक्सेस, पब्लिशर और आउटलुक के लिए होंगे।

### क्या करना होगा ?

इसके लिए आपको माइक्रोसॉफ्ट के शेयरप्वाइंट वेबसाइट पर जाकर रेजिस्ट्रेशन करना होगा। ये बीटा टेस्टिंग आप होम या बिजनेस यूजर के लिहाज से कर सकते हैं। इसके बाद आपको कई तरह के एप्लीकेशन और सर्विस को समझने का भी मौका मिलेगा। बस एक बात का ध्यान रखना होगा। आपके ऑफिस 365 सॉफ्टवेयर में जो भी सॉफ्टवेयर हैं आप सिर्फ उन्हीं से जुड़े प्रोडक्ट्स के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इसकी फिलहाल कोई गारंटी नहीं है कि आपको ये मौका मिल ही जाएगा, पर अगर आप दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी की छोटी मदद कर सकते हैं तो आपके लिए ये बड़ी बात होगी।




### माइक्रोसॉफ्ट को क्या फायदा

माइक्रोसॉफ्ट को इससे यह फायदा होगा कि उसे बीटा टेस्टिंग के जरिये लोगों की पसंद-नापसंद का पता चल जाएगा। डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर के बाजार में माक्रोसॉफ्ट का 90 फीसदी से भी ज्यादा का हिस्सा है। पिछले दशक में माइक्रोसॉफ्ट ने मोबाइल फोन और स्मार्टफोन की क्रांति पर ध्यान नहीं दिया जिससे बाजार अब गूगल और एप्पल के नाम हो गया है, लेकिन अब मोबाइल सॉफ्टवेर के बाजार में भी माइक्रोसॉफ्ट अपना हिस्सा बढ़ाना चाहता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**